RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच




वर्ष : 26 | अंक : 173 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, शुक्रवार, 14 जून, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8

## कुवैत से भारत पहुंचे 45 देशवासियों के शव



कुवैत में गोरखपुर के जयराम गुप्ता भी मारे गए हैं। उनका परिवार सदमे में है।

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कुवैत अग्निकांड में मारे गए 45 भारतीयों के शव लेकर भारतीय वायुसेना (IAF) का विमान केरल के कोच्चि एयरपोर्ट पर लैंड हुआ। कुवैत में मारे गये भारतीयों के शव उनके घरों को भेजे जाएंगे।

बता दें कि कुवैत के मंगाफ शहर में बहुमंजिला इमारत में लगी भीषण आग में कुल 45 भारतीय नागरिकों की मौत हो गई थी। जान गंवाने वाले भारतीयों के शवों को देश लाने के लिए भारतीय वायुसेना का सी-130जे सुपर हरक्यूलिस विमान रवाना हुआ था, जो कोच्चि में लैंड हो चुका है। केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन खुद कोच्चि इंटरनेशनल हवाई अड्डे पर मृतकों को श्रद्धांजलि देने के लिए पहुंचे हैं। यहां कुछ शवों को उतारकर प्लेन शाम 4 बजे के आसपास दिल्ली पहुंचेगा।

कुवैत अग्निकांड में मारे गए लोगों में से सबसे ज्यादा लोग (23) केरल के नागरिक हैं. इसके बाद दूसरे नंबर पर तमिलनाडु (7) है. इसके अलावा 3-3 नागरिक उत्तर प्रदेश और आंध्र प्रदेश के भी मारे गए हैं. ओडिशा के भी दो लोग इस अग्निकांड की वजह से मौत के मुंह में समा गए. इसके अलावा महाराष्ट्र, कर्नाटक, बिहार, झारखंड, बंगाल, पंजाब और हरियाणा के भी एक-एक नागरिक की मौत हुई है।

### यूपी के तीन नागरिकों की मौत

यूपी के मृतकों की पहचान वाराणसी के माधव सिंह, गोरखपुर के जयराम गुप्ता और अंगद गुप्ता के रूप में हुई है। वहीं, आंध्र प्रदेश के मृतकों में श्रीकाकुलम जिले के टी लोकानंदम, पश्चिम गोदावरी जिले के एम सत्यनारायण और एम ईश्वरुडु की पहचान की गई है।

# 'प्रभु राम ने 'अहंकारियों' को सिखाया सबक'

## आरएसएस नेता इंद्रेश कुमार का इशारों में भाजपा पर हमला

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव-2024 में आए नतीजों के बाद राष्ट्रीय स्वयंसेवक और भारतीय जनता पार्टी के बीच चल रही तल्खी सामने आ रही है। संघ के निशाने पर भाजपा है। चुनाव में बहुमत से दूर रही भाजपा को लेकर अब मोहन भागवत के बाद आरएसएस नेता इंद्रेश कुमार ने बड़ा बयान दिया है। इंद्रेश कुमार ने भाजपा को इशारों-इशारों में अहंकारी और इंडी गठबंधन को राम विरोधी कह दिया है।

आरएसएस नेता इंद्रेश कुमार ने एक कार्यक्रम में कहा कि प्रभु राम सभी के साथ न्याय करते हैं। उनका न्याय बहुत विचित्र है, जो 2024 के चुनाव में भी दिखा। आरएसएस नेता ने कहा कि जिन लोगों ने राम की भक्ति की, लेकिन उनमें अहंकार आ गया तो उनको प्रभु ने सबसे बड़ी पार्टी तो बनाया लेकिन वो शक्ति और पूरा हक नहीं दिया जो मिलना चाहिए था। ये सब अहंकार के कारण हुआ।



इंद्रेश कुमार ने आगे कहा कि जिन लोगों ने राम का विरोध किया उन्हें भी प्रभु ने सबक सिखाया। किसी को शक्ति नहीं मिली, चाहे सब मिलकर लड़े लेकिन वो एक नंबर नहीं बने और 2 पर ही अटक गए। यही प्रभु का न्याय है, जो बहुत विचित्र और आनंददायक है।

इंद्रेश कुमार का यह बयान जयपुर के पास कानोता में आयोजित 'रामरथ अयोध्या यात्रा दर्शन पूजन समारोह' में एक भाषण के दौरान आया। उन्होंने किसी पार्टी का नाम तो नहीं लिया, लेकिन इशारों-इशारों में सब कुछ कह दिया।

आरएसएस नेता ने आगे कहा कि भगवान राम किसी से भी भेदभाव नहीं करते और न ही किसी को दंडित करते हैं। राम सभी के साथ न्याय करते हैं, क्योंकि वो न्यायप्रिय हैं।

## यूपी में हार की वजह तलाश रही है भाजपा

**लखनऊ (एजेंसी)।**

लोकसभा चुनाव में भाजपा के हारे हुए प्रत्याशियों ने अब खुद के खिलाफ विरोधी लहर होने की वजह से हुई हार का ठीकरा विधायकों और कार्यकर्ताओं पर फोड़ना शुरू कर दिया है। वहीं, पार्टी के प्रदेश संगठन ने क्षेत्रवार भाजपा की हार की समीक्षा शुरू कर दी है।

इसी कड़ी में बृहस्पतिवार को अवध क्षेत्र के हारे हुए प्रत्याशियों को बुलाकर हार के कारणों की जानकारी जुटाई गई। अधिकांश प्रत्याशियों ने संसदीय क्षेत्र के विधायकों और पार्टी कार्यकर्ताओं पर भितरघात करने के साथ ही विपक्ष के आरक्षण खत्म करने और संविधान बदलने के मुद्दे को भी हार की वजह बताई है।

प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी और संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह ने अवध क्षेत्र की एक-एक सीट पर हार की समीक्षा की। इसमें से बाराबंकी की प्रत्याशी रही राजरानी रावत नहीं पहुंची थी, जबकि श्रावस्ती, सीतापुर, खीरी, लखीमपुर, रायबरेली, फैजाबाद, अंबेडकरनगर, मोहनलालगंज से चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशी मुख्यालय पहुंचे थे।

## रक्तदान है महादान, हर कोई करे रक्तदान : जिलाधिकारी

### जिला अस्पताल में रक्तदान शिविर, डीएम ने किया रक्तदान





**नोएडा (चेतना मंच)।** रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। आपके द्वारा किया गया रक्तदान किसी की जिंदगी बचा सकता है। इसलिए हर स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए। यह बात कही जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने।

आज विश्व रक्तदान दिवस पर सेक्टर-39 स्थित जिला संयुक्त चिकित्सालय में रक्तदान शिविर का जिला अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने विधिवत फीता काटकर उद्घाटन किया। इसके बाद जिलाधिकारी ने स्वयं रक्तदान भी किया। इस मौके पर उन्होंने सभी (शेष पृष्ठ-3 पर)

## यूपी में गर्मियों की छुट्टियां बढ़ाई गईं



**लखनऊ (एजेंसी)।** यूपी में भीषण गर्मी को देखते हुए परिषदीय स्कूलों में गर्मी की छुट्टियां 24 जून तक के लिए बढ़ा दी गई हैं। वहीं, बच्चों के लिए स्कूल 28 जून तक बंद रहेंगे। बता दें कि भीषण गर्मी को देखते हुए शिक्षक संगठनों ने गर्मी की छुट्टियां बढ़ाने की मांग की थी। इस संबंध में महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने जानकारी दी है।

प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षित स्नातक एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष विनय कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री व प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा को भेजे पत्र में कहा था कि पूरा प्रदेश भीषण गर्मी व लू से तप रहा है। ऐसे में विद्यालयों को 18 जून से खोलना हितकर नहीं होगा। वहीं शिक्षकों की परस्पर तबादले की प्रक्रिया भी चल रही है। इसे देखते हुए परिषदीय विद्यालयों में गर्मी की छुट्टियां 30 जून तक की जाएं।

## एक करोड़ की ई-सिगरेट और गांजा बरामद

**नोएडा।** थाना सेक्टर-20 पुलिस और क्विक रिस्पांस टीम ने एक संयुक्त कार्रवाई के तहत दो बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके पास से लाखों रुपए कीमत के ई- सिगरेट और गांजा आदि बरामद किया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक थाना सेक्टर-20 पुलिस और क्विक रिस्पांस टीम ने एक संयुक्त कार्रवाई के तहत सेक्टर 18 के पास से शाहनवाज पुत्र शौकत निवासी तुगलकाबाद दिल्ली तथा रवि कुमार पुत्र जबर सिंह निवासी जनपद मथुरा को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 2480 प्रतिबंधित ई- सिगरेट, 4 किलो गांजा तथा घटना में प्रयुक्त होने वाला एक ऑटो रिक्शा बरामद हुआ है। बरामद गांजा और सिगरेट की मार्केट में कीमत करीब एक करोड रुपए है। पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला है कि आरोपी गुरुग्राम के रहने वाले जितेंद्र बलिया उर्फ सोनू को माल सप्लाई करते हैं। वह इस गैंग का सरगना है। जितेंद्र फरार है, पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

## 'गठबंधन के साथ 'निकाह' रहेगा या 'तलाक' केजरीवाल की रिहाई के बाद होगा फैसला'

### लोकसभा स्पीकर के मुद्दे पर लड़खड़ाकर गिर जाएगी सरकार : संजय सिंह



**नोएडा (चेतना मंच)।** आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद तथा उत्तर प्रदेश के प्रभारी संजय सिंह ने आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस नीत इंडी गठबंधन के साथ चुनाव लड़ने को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के जेल से रिहा होने के बाद विधानसभा चुनाव में गठबंधन को लेकर विचार किया जाएगा।

आम आदमी के पार्टी के राज्यसभा सांसद व उत्तर प्रदेश के प्रभारी संजय सिंह ने यह बात सेक्टर 11 में पत्रकारों से (शेष पृष्ठ-3 पर)

### नीट की परीक्षा में हुई धांधली

आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह से जब पत्रकारों ने नीट परीक्षा को लेकर सवाल किया तो उन्होंने कहा कि नीट परीक्षा में धांधली हुई है और इसके लिए केंद्र सरकार का शिक्षा मंत्रालय पूरी तरह से जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि पूर्व घोषित 18 जून के बजाय चुनाव परिणाम के दिन 4 जून को नीट परीक्षा के परिणाम घोषित किए गए जाना भी षड्यंत्र का एक हिस्सा है। यह एक पूर्व नियोजित षडयंत्र है जिसके लिए भाजपा सरकार पूरी तरह से जिम्मेदार है। उन्होंने नीट परीक्षा में हुई धांधली की सीबीआई जांच कर लाखों छात्रों को न्याय दिलाने की बात कही। इस अवसर पर आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत सिंह, युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष पंकज अवाना, प्रदेश मीडिया प्रभारी संजीव निगम, जिला महामंत्री राकेश अवाना समेत कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

## युवक ने लगाई फांसी

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना बिसरख क्षेत्र के गांव पटवाडी में एक 24 वर्षीय युवक ने अपने घर में फांसी का फंद्दा लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जाता है कि युवक डिप्रेशन में था और उसका उपचार चल रहा था। जानकारी के मुताबिक थाना बिसरख क्षेत्र के ग्राम पटवाड़ी में मुकुल यादव ने अपने (शेष पृष्ठ-3 पर)

## मुठभेड़ में शातिर लुटेरा दबोचा



**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा फेस-1 पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान शातिर लुटेरे को गिरफ्तार करने का दावा किया है। पुलिस की जवाबी फायरिंग में गोली लगने से लुटेरा घायल हो गया है। पुलिस ने उसके कब्जे से लूटे हुए 3 मोबाइल फोन, एक स्कूटी तथा एक 315 बोर का तमंचा व कारतूस बरामद किए हैं।

पुलिस के मुताबिक रात्रि थाना फेस-1 नोएडा पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान गोल चक्कर चौकी से सेक्टर-15ए की (शेष पृष्ठ-3 पर)

# नवरात्र तक 25 सेक्टरों में पहुंच जाएगा गंगाजल!

### 304 करोड़ की लागत वाले 37.50 क्यूसेक गंगा जल प्रोजेक्ट का 95 फीसदी काम पूरा

**नोएडा (चेतना मंच)।** वर्षों से गंगाजल पानी की मुराद पाले 26 सेक्टरों के लाखों लोगों के घरों तक इस वर्ष नवरात्र तक गंगाजल पहुंचना शुरू हो जाएगा। अक्टूबर 2024 तक पूरी होने का लक्ष्य रखा गया है। गंगाजल परियोजना का करीब 95 फीसदी काम पूरा हो चुका है।

उप्र जल निगम कर रही है। परियोजना पर 304.18 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे है। इसमें 228.14 करोड़ रुपए प्राधिकरण खर्च कर रहा है।



परियोजना से नोएडा को कुल 330 एमएलडी गंगाजल की सप्लाई हो जाएगी। वर्तमान में 240 एमएलडी गंगाजल की आपूर्ति की जा रही है। यह योजना 50 क्यूसेक गंगाजल की है। जिसमे नोएडा का 75 प्रतिशत 37.50 क्यूसेक गंगाजल नोएडा को मिलेगा। बाकी गाजियाबाद को सप्लाई किया जाएगा।

14 मार्च 2018 को योजना पर कार्य शुरू किया गया। 30 नवंबर 2021 तक इसे पूरा करने का लक्ष्य रखा गया था। इस योजना को अब अक्टूबर 2024 तक पूरा किया जाएगा। प्राधिकरण ने बताया कि इस लाइन को चालू करने के लिए कई स्थानों पर इंटरकनेक्ट किया जाना है। ये कार्य किया जा रहा है। इसके बाद लाइन टेस्टिंग की जाएगी। जिसके बाद गंगाजल की सप्लाई शुरू हो सकेगी।

वर्तमान में प्राइमरी ट्रीटमेंट का कार्य 100 प्रतिशत पूरा किया जा चुका हैं। 120 एमएलडी क्षमता का वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का कार्य करीब पूरा हो चुका है। 1500 एमएमडाया की 7.8 किमी लंबाई में पाइप बिछाने के का काम किया जा रहा है। फिलहाल ये पैंच पूरा होने के बाद लोगों को गंगाजल मिलेगा।

### इन सेक्टरों को मिलेगा लाभ

इस परियोजना से 26 सेक्टरों के लाखों लोगों को गंगाजल की आपूर्ति की जा सकेगी। इसमें सेक्टर-122, 128, 130, 131, 133, 134, 135, 137, 143, 144, 145, 143बी, 146, 147, 151, 168, शामिल है। इन सेक्टरों में करीब 6 लाख लोग रहते है। साथ ही इनमे से कुछ सेक्टर औद्योगिक विकास के है।

## गाजियाबाद के लिंक रोड व साहिबाबाद में स्नैचिंग करने वाले बदमाशों को लगी गोली





**गाज़ियाबाद।** गाज़ियाबाद पुलिस कमिशनरेट के थाना लिंक रोड पुलिस ने चेकिंग के दौरान बदमाशों से हुई मुठभेड़ में एक बदमाश के पैर में गोली लगी जबकि दूसरा बदमाश भागने में सफल हो गया। घायल बदमाश को इलाज़ के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## नड्डा की जिम्मेदारी

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे जगत प्रकाश नड्डा के पास फिर से केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय लौट आया है। एक बड़ा विभाग जो जनता के करीब और स्वास्थ्य बीमा योजना के कारण अजीज भी है, फिर भी मोदी मंत्रिमंडल को अपने समीप पाने के लिए नड्डा का आरोहण याद दिलाता रहेगा कि केंद्र से संसाधनविहीन हिमाचल की झोली कितनी भरती है। एक तरह से वह हिमाचली आरजू बनकर उभरे हैं, भले ही राज्यसभा सदस्य के नाते उनसे गुजरात की भी आशाएं रहेंगी, लेकिन बतौर मंत्री उनके दायित्व से प्रदेश के सरोकार परिमार्जित होना चाहेंगे। बेशक बिलासपुर एम्स जैसा ड्रीम प्रोजेक्ट उनके राजनीतिक करियर का प्रतिष्ठित मंच रहा है और आइंदा भी इसके विस्तार में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की भुजाएं प्रयास करेंगी, लेकिन यहां केंद्र के पास बंधक हिमाचली अधिकारों, आशाओं और डबल इंजन सरकार के दौर का साम्राज्य चिन्हित होकर देख रहा है। इसमें दो राय नहीं कि बल्क ड्रग पार्क और मेडिकल डिवाइस पार्क जैसी परिकल्पनाओं में जयराम सरकार को मिली सफलता की एक बड़ी भूमिका जगत प्रकाश नड्डा की रही है। तब वह मंत्री नहीं सत्तारूढ़ दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष थे। राज्य से उनका नाता जयराम और उनकी सरकार को मजबूत करता रहा है, लेकिन अब वह मोदी सरकार में सरकार है। इसमें दो राय नहीं कि हमीरपुर संसदीय क्षेत्र इस समय अपने भाग्योदय में सबसे उत्तम स्थिति के ग्रह गोचर लिए हुए है। इस क्षेत्र से केंद्र में दो सांसद, एक मंत्री, राज्य के मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री संबंध रखते हैं यानी एक साथ केंद्र व राज्य की ऊर्जा अगर काम करे, तो कम से कम हमीरपुर संसदीय क्षेत्र तो अपनी योजनाओं-परियोजनाओं को बेहतर शक्ल दे सकता है। जाहिर तौर पर इसी भूखंड पर हिमाचल की सियासत का सबसे बड़ा बंटवारा भी हो रहा है। अगर भाजपा पूरी शिद्दत से लोकसभा की जमीन ले गई, तो मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने उपचुनावों में विपक्ष का सियासी असला छीन लिया है। अब पुन- निर्दलीयों के कारण चुनाव बगावती है, तो हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में राजनीति फिर से इतिहास लिखेगी। बहरहाल केंद्रीय मंत्री के तौर पर मोदी सरकार की गोदी में हिमाचल को आर्थिक सुकून चाहिए। हैं फाइलें बहुत सी तेरे ही दामन में, हम तो सिर्फ नसीब वापस मांगते हैं। जाहिर है केंद्रीय मंत्री का किरदार हिमाचल को मिल जाए तो आत्मनिर्भरता के प्रश्नों को कहीं तो संबोधन मिलेगा। पर्यटन के रास्ते और पानी के वास्ते केंद्र सरकार के हुक्म की रत्तीभर तामील भी हमें राहत दे सकती है। जब शांता कुमार ने नरसिम्हा राव सरकार से जल विद्युत उत्पादन के बदले मुफ्त बिजली की रॉयलटी हासिल की थी, तो केंद्र के हुक्म की तामील हुई थी। जब प्रेम कुमार धूमल अटल सरकार से औद्योगिक पैकेज लाए थे तो भी हुक्म की तामील हुई थी। बेशक नड्डा व अनुराग भी सौगातें लाए, मगर इनके दायरे में पूरे हिमाचल का हिसाब अभी पूरा नहीं हुआ है। यह दीगर है कि केंद्र से विभिन्न सडक़ परियोजनाओं को गति मिलती है तो नड्डा का ड्रीम प्रोजेक्ट शिमला-धर्मशाला फोरलेन परियोजना के सुर तान छेड़ेंगे। भानुपल्ली-बिलासपुर रेल के साथ अंब-अंदौरा से ज्वालामुखी या नादौन के सुर मिलें तो हिमाचल में निखार आएगा। स्मार्ट सिटी परियोजनाओं की किस्मत धर्मशाला-शिमला से आगे भी चमके, तो शहरी आर्थिकी में विस्तार आएगा। हमें सिख पर्यटन की केंद्रीय परियोजनाओं में पांवटा से ऊना तक व आगे विशेष योजना चाहिए तो चार धाम सडक़ परियोजना की तर्ज पर हिमाचल के धार्मिक स्थलों का भी एक सशक्त परिवहन सर्किट चाहिए। चाहिए तो कांगड़ा एयरपोर्ट का विस्तार और मंडी हवाई पट्टी का श्रृंगार भी, लेकिन तब नड्डा के कदम कुछ आगे बढ़ कर मंडी, कांगड़ा व शिमला में देखने होंगे।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि यद्यपि मेरी इस रचना में कविता का एक भी रस नहीं है, तथापि इसमें श्री रामजी का प्रताप प्रकट है। मेरे मन में यही एक भरोसा है। भले संग से भला, किसने बड़प्पन नहीं पाया?॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**धूमउ तजइ सहज करुआई। अगरु प्रसंग सुगंध बसाई॥**
**भनिति भदेस बस्तु भलि बरनी। राम कथा जग मंगल करनी॥**

धुआँ भी अगर के संग से सुगंधित होकर अपने स्वाभाविक कड़ुवेपन को छोड़ देता है। मेरी कविता अवश्य भद्दी है, परन्तु इसमें जगत का कल्याण करने वाली रामकथा रूपी उत्तम वस्तु का वर्णन किया गया है। (इससे यह भी अच्छी ही समझी जाएगी।)॥

**मंगल करनि कलिमल हरनि तुलसी कथा रघुनाथ की।**
**गति कूर कबिता सरित की ज्यों सरित पावन पाथ की॥**
**प्रभु सुजस संगति भनिति भलि होइहि सुजन मन भावनी**
**भव अंग भूति मसान की सुमिरत सुहावनि पावनी॥**

तुलसीदासजी कहते हैं कि श्री रघुनाथजी की कथा कल्याण करने वाली और कलियुग के पापों को हरने वाली है। मेरी इस भद्दी कविता रूपी नदी की चाल पवित्र जल वाली नदी (गंगाजी) की चाल की भाँति टेढ़ी है। प्रभु श्री रघुनाथजी के सुंदर यश के संग से यह कविता सुंदर तथा सज्जनों के मन को भाने वाली हो जाएगी। श्मशान की अपवित्र राख भी श्री महादेवजी के अंग के संग से सुहावनी लगती है और स्मरण करते ही पवित्र करने वाली होती है।

**दो0-प्रिय लागिहि अति सबहि मम भनिति राम जस संग।**
**दारु बिचारु कि करइ कोउ बंदिअ मलय प्रसंग॥**

श्री रामजी के यश के संग से मेरी कविता सभी को अत्यन्त प्रिय लगेगी। जैसे मलय पर्वत के संग से काष्ठमात्र (चंदन बनकर) वंदनीय हो जाता है, फिर क्या कोई काठ (की तुच्छता) का विचार करता है?॥

(क्रमशः..)

# आखिर सभी के लिए खास क्यों है डॉ भारती गाँधी?

ए सामाजिक पटल पर अपनी अमिट छाप छोड़ने वाले प्रत्येक व्यक्तियों में निसंदेह ईश्वरीय शक्ति का विद्यमान होता है, जिससे वह न केवल करोड़ों की भीड़ में अलग दिखतें है बल्कि समाज के लिए कुछ ऐसा कर देतें है जिसका लाभ सभी को मिलता है जिसके अनुसरण को सभी बाध्य होते है तथा उपलब्धियों की सराहना भी स्वप्रेरित होकर करतें रहतें है । उन्ही विशेष व्यक्तित्व में से एक बेहद खास व्यक्तित्व डॉ भारती गाँधी है । जिन्होंने अपने कई दशकों के कठिन परिश्रम से न केवल अपने शिक्षण संस्थान की पहचान दुनियांभर में कराया है बल्कि लाखों बच्चों का जीवन परिवर्तित कर दुनियां के कोने-कोने में अपनी उपस्थिति का एहसास मजबूती से करा रही है । आप लखनऊ के सिटी मोंटेसरी स्कूल की संस्थापिका है। विगत कई दशकों से लगातार वैश्विक प्रतियोगी स्तर की शिक्षा का परिचय लखनऊ से उन्होंने कराया है जिसका लाभ आज शहर के हजारों छात्रों को मिल रहा है ।

बेहद सरल सौम्य, विचारवान, दिव्य गुणों से परिपूर्ण, प्रभावशाली, प्रत्येक परिस्थिति में सामान रूप में कार्यरत, आधुनिकता और दिखावे से बहुत दूर, लगातार करती कठिन परिश्रम, डॉ भारती गाँधी 8। वर्ष से अधिक की उम्र होने के बावजूद आज भी कार्य कर रही है । कार्य करने का जोश और उत्साह किसी भी युवा से अधिक आज भी विद्यमान है । आज भी सुबह 9 बजे से रात्रि 9 बजे तक बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए लगातार कार्य कर रही है । विलक्षण प्रतिभा की धनी और दुर्लभ व्यक्तित्व किसी भी व्यक्ति को प्रभावित करने में सक्षम है । न केवल शिक्षा के क्षेत्र में बल्कि सामाजिक जन जागरूकता और आम आदमी में सद्भाव और विकास के लिए अनेकों कार्यक्रम भी करती रहती है ।

मुसीबत की घड़ी में भी सबसे पहले सामने आकर देश सेवा और समाज सेवा करना उनके रक्त में ही विद्यमान है । कोरोना महामारी में न केवल वित्तीय सहायता प्रदान किया बल्कि अपने संस्थान के सभी द्वार महामारी से लड़ने के लिए खोले रखा था । अयोध्या में बाबरी मस्जिद गिराने के पश्चात् सभी को यह लग रहा था की लखनऊ में दंगा जरुर होगा पर डॉ भारती गाँधी ने कमान सम्हाल कर जागरूकता रैलियों को आयोजित कर सभी धर्मों और समुदाओं को एकजूट रखा । एक दो नहीं ऐसे अनेकों स्थितियां रही जब डॉ. भारती गाँधी ने शहर को मुसीबत में संभालने का कार्य किया है । उत्तर प्रदेश सरकार में मनोविज्ञानी के रूप में कार्य करने के पश्चात् सामाजिक बड़े बदलाव की प्रतिबद्धता और कठोर परिश्रम को जानतें हुए भी सीएमएस स्कूल की न केवल स्थापना किया बल्कि



एक ऐसे स्तर पर विद्यमान कर दिया है जिसकी चर्चा वैश्विक स्तर पर है । डॉ भारती गाँधी को कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त है । दहेजप्रथा और शराब सेवन के दुष्प्रभावों समेत कई सामाजिक और जनहित के मुद्दों पर उन्होंने लगातार कार्य किया है ।

जर्मनी, होलैंड, फ्रांस, यूएसएसआर, यूएसए, इंग्लैंड,अफगानिस्तान, हांगकांग, मलेसिया, थाईलैंड, सिंगापुर, बर्मा, इजराइल और ईरान समेत कई देशों में जाकर अपने विचारों को भी रखा है । जनहित के प्रति इनका समर्पित जीवन सभी के लिए प्रेरणा स्रोत है । जल्द ही इनके जीवन पर एक पुस्तक भी प्रकाशित होने वाली है जिसमे सभी पहलुओं को क्रमवार अंकित किया गया है जिसकों पढ़ने के पश्चात् कोई भी यह आसानी से कह सकता है की वास्तव में जीवन के प्रति हम सभी का नजरिया कैसा होना चाहिए और कभी भी लगातार कठोर परिश्रम से गुरेज नहीं करनी चाहिए । डॉ भारती से मिलने के लिए कई लोग पहुचतें है और वो न केवल प्रत्येक व्यक्ति से समय निकालकर मुलाकात करती है बल्कि उनकी समस्याओं का सरल तरीके से समाधान करती है तथा आवश्यक सहयोग भी प्रदान करती है ।

जब कोई संस्थान बहुत ही बृहद बन जाता है तो उसके पीछे का श्रेय निसंदेह उन व्यक्तित्व को देना चाहिए जिन्होंने त्याग, प्रतिबद्धता और कठोर परिश्रम के साथ-साथ नीति और नियमों के अधीन रहकर एक ऐसी ऐतिहासिक ईमारत का निर्माण किया है जो तब तक विद्यमान रहेगा जब-तक इस देश में सूर्य और चन्द्र विद्यमान है और सीएमएस के सन्दर्भ में स्वर्गीय डॉ. जगदीश गाँधी के साथ-साथ डॉ. भारती गाँधी को इसका सीधा श्रेय और सम्मान सभी के द्वारा दिया जा रहा है क्योंकि उनकी सोच ने ही एक मूर्त स्वरुप का निर्माण किया है जहाँ हजारों बच्चो का जीवन आधुनिकता की आवश्यकताओं की पूर्ति के साथ वैश्विक प्रतियोगिताओं से लड़ने और उस पर विजय पाने की शिक्षा, भारतीय संस्कृति और संस्कार के अनुरूप प्रदान किया जा रहा है । सामाजिक और आम आदमी के विकास के लिए डॉ. भारती गाँधी की प्रतिबद्धता और किया जा रहा कार्य न केवल स्वागत योग्य है बल्कि सराहनीय इसलिए है की कई दशकों की यह यात्रा आज भी उसी जोश, उमंग और उत्साह के साथ चल रही है जो इस मिशन के आरम्भ में थी । ईश्वर डॉ. भारती गाँधी को अच्छा स्वास्थ्य और लम्बी उम्र प्रदान करें उनके ज्ञान के भंडार और नेतृत्व की जरूरत सामाजिक रूप से सभी को है । यह एक ऐसी महान सख्शियत है जिनके जीवन का वर्णन शब्दों में नहीं किया जा सकता।

**-डॉ. अजय कुमार मिश्रा**

# आरएसएस और भाजपा के बीच व्याप्त मतभेदों का सिलसिला

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के मतभेद अब खुलकर सामने आ चुके हैं। यह स्थिति दोनों के लिए सामाजिक और राजनीतिक रूप से हानिकारक साबित होगी, जिसकी शुरुआत लोकसभा चुनाव 2024 से हो चुकी है। इस बदलती परिस्थिति के लिए आखिर कौन जिम्मेदार है और कितना जिम्मेदार है, यह पड़ताल करने का काम दोनों संगठनों के प्रमुखों का है, लेकिन अब तो इन दोनों के बीच ही तलवारें खींच चुकी हैं।

मसलन, पहले भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की चुनावी भूमिका को लेकर जो कुछ टिप्पणी की, और अब आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने मणिपुर में भाजपा की अदूरदर्शी भूमिका को लेकर जो कुछ इशारे किये हैं, उससे जाहिर होता है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और उसका राजनीतिक मुखौटा समझी जाने वाली भारतीय जनता पार्टी के बीच सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। यह हिंदुत्व और राष्ट्रवाद जैसी विचारधारा के लिए संकटापन्न स्थिति है, जिसका सम्यक हल निकट भविष्य में निकलेगा, ऐसा मुझे नहीं लगता। क्योंकि देश के दोनों प्रमुख संगठन सत्ता सुख की मृगमरीचिका में भटकते हुए इतना आगे निकल चुके हैं कि वापस लौटना अब उनके बस की बात नहीं!

यहां संघ को यह सोचना होगा कि आखिर बाजपेयी से लेकर मोदी तक के सत्ता में आते ही उनसे खटपट क्यों हो जाती है? आखिर वह कौन सा यक्ष प्रश्न होता है, जिसके समक्ष घुटने टेकने से भारतीय प्रधानमंत्री इंकार कर देते हैं, जहां से कलह की शुरूआत होती है। पुरानी बातें यदि भुला भी दी जाए तो संघ प्रमुख मोहन भागवत के हालिया बयानों से दोनों के बीच बढ़ती दूरी भी साफ दिखी है। क्योंकि संघ प्रमुख मोहन भागवत ने संकेत में ही भाजपा को नसीहत भी दी है और सरकार के कामकाज के तरीकों से लेकर और संगठन में मची आपाधापी तक पर परोक्ष रूप से नाराजगी भी दिखाई है। हालांकि समझदार व्यक्ति होने के चलते उन्होंने खुलकर कुछ भी नहीं कहा है, इसलिए दोनों ही पक्ष इस मुद्दे पर ज्यादा नहीं बोल रहे हैं। लेकिन जिन्हें इनका तल्ख अतीत और स्वार्थी रवैया मालूम है, वो ह से हलन्त तक समझ जाते हैं।

यह कौन नहीं जानता कि लोकसभा चुनाव 2024 में नतीजे यदि भाजपा की उम्मीद के विपरीत आए हैं, तो इसके पीछे कहीं न कहीं संघ के स्वयंसेवकों का उदासीन रवैया भी जिम्मेदार है। यही वजह है कि अब भाजपा और संघ के बीच स्पष्ट रूप से मतभेद उभरते दिखाई दे रहे हैं। जानकारों की मानें तो आमतौर पर चुनावी प्रक्रिया के दौरान भाजपा और संघ के बीच जिस तरह का समन्वय और सामंजस्य होता था, वह इस बार दिखाई नहीं दिया। आखिर ऐसा क्यों?

वहीं, भाजपा और संघ के बीच अक्सर होने वाली उच्च स्तरीय समन्वय बैठकें भी काफी समय से नहीं हुई हैं। स्वाभाविक सवाल है कि आखिर ये बैठकें तय वक्त पर क्यों नहीं हुईं। क्या इसके पीछे एक दूसरे को सबक सिखाने की मंशा रही है, जो 2004 के बाद 2024 में भी साफ दिखी। अंतर सिर्फ इतना कि तब कुलीन मिजाज वाले प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी एक ही झटके में धराशायी हो गए। जबकि आज कुटिल मिजाज वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी धराशायी होते-होते बच गए। स्वाभाविक है कि इसकी अनुगूंज अगले 5 सालों तक सुनाई पड़ती रहेगी।

कहना न होगा कि इन सब बातों के बीच संघ को लेकर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा का बयान भी काफी चर्चित रहा है, जिससे भी संघ के भीतर नाराजगी साफ दिखाई दी है। यही वजह है कि संघ प्रमुख मोहन भागवत के हाल में एक बयान को लेकर दोनों के बीच के रिश्तों को लेकर कई तरह के अर्थ लगाए जा रहे हैं। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा की चुनाव के दौरान संघ को लेकर की गई टिप्पणी से भी दोनों पक्षों के रिश्तों में कड़वाहट आई है, जिसका असर मतदान के आखिरी तीन चरणों में दिखाई दिया।

वहीं, अंदरूनी स्तर पर इस बात की काफी चर्चा है कि आखिर के तीन चरणों में संघ ने उतना मन लगाकर काम नहीं किया, जितना कि वह पहले कर रहा था। स्वाभाविक है कि इसका असर मतदान पर भी पड़ा है। हालांकि संघ ने इस तरह की अटकलों को पूरी तरह से खारिज कर दिया है, और भाजपा भी इससे पूरी तरह से सहमत नहीं है। फिर भी आलम यह है कि मोहन भागवत के बयान के बाद भले ही दोनों पक्ष ज्यादा कुछ नहीं बोल रहे हैं, लेकिन अंदरूनी तौर पर चर्चा में यह दिखता है कि दोनों के बीच अब सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। खास बात यह कि इस बारे में संघ के भीतर भी अलग-अलग राय दिखती है। सीधा सवाल है कि क्या यह स्थिति खुद संघ के लिए सही है। जवाब होगा, कतई नहीं!

जानकारों के मुताबिक, संघ ने जिन मुद्दों पर नाराजगी जताई है, उनमें भाजपा व संघ के बीच समन्वय की कमी है। सवाल है कि दोनों के बीच समन्वय बैठकें बेहद कम होने के लिए कौन जिम्मेदार है, इसका निर्धारण कौन करेगा। वहीं, विभिन्न उम्मीदवारों को लेकर संघ की सलाह को नजरअंदाज करने के लिए जिम्मेदार कौन है? क्या उसे यह स्पष्ट नहीं करना चाहिए कि अपने मातृ संगठन के सलाह व सूझाव को विनम्रता पूर्वक टालने का भी एक अपना तरीका होता है, ताकि वह किसी को नागवार नहीं गुजरे। लेकिन यहां तो प्रथमदृष्ट्या यही प्रतीत हो रहा है कि भाजपाध्यक्ष जेपी नड्डा ने न केवल संघ की भावनाओं की अनदेखी की, बल्कि अपने तल्ख बयानों से उल्टे संघ को ही आईना दिखाने की कोशिश की, जो संघ प्रमुख मोहन भागवत को नागवार गुजरी। इसलिए उन्होंने भी नहले पर दहला की तर्ज पर सरकार बनते ही उसे आईना दिखा दिया।

मिली जानकारी के मुताबिक, संघ ने कृपा शंकर सिंह समेत लगभग दो दर्जन नामों पर आपत्ति जताई थी। इसके पहले वह आर के सिंह पर आपत्ति जता चुका था, हालांकि वह तब चुनाव जीत गए थे। इसके अलावा, दूसरे दलों से और इधर-उधर से बेलगाम तरीके से लोगों को भाजपा में शामिल करना, जिससे भाजपा कॉडर और पुराने कार्यकर्ताओं में उपेक्षा का भाव पैदा हुआ, क्योंकि उनको तरजीह न मिली। इसके अलावा, चुनाव अभियान में कमी के भी कई मुद्दे शामिल रहे। समझा जाता है कि इन्हीं वजहों से 2014 और 2019 के उलट 2024 में भाजपा को स्पष्ट बहुमत से 32 सीटें कम मिलीं, जिससे वह एनडीए के सहयोगी दलों की बैशाखी पर टिकने को अभिशप्त हो गई।

बता दें कि संघ प्रमुख मोहन भागवत ने 10 जून 2024 दिन सोमवार को मणिपुर की हिंसा पर चिंता जताते हुए कहा था कि वहां पर एक साल से अशांति है। राज्य में पिछले 10 साल की शांति भंग हुई है। इसलिए भागवत ने नेताओं को अहंकार न पालने और काम करने की नसीहत भी दी थी। वहीं, उन्होंने परोक्ष रूप से विपक्ष के रवैये पर भी सवाल खड़े किए थे, लेकिन कुछ बयानों को भाजपा से जोड़कर देखा गया। हालांकि, संघ का कहना है कि सामाजिक जीवन में काम कर रहे संघ की यह सामान्य प्रक्रिया है और इसे किसी राजनीतिक दल से जोड़ना उचित नहीं है। इसलिए सवाल तो यह भी पैदा हो रहा है कि भारतीय राजनीति में एक बार फिर से क्षेत्रीय दलों के मजबूत होने से संघ के समीकरण गड़बड़ा चुके हैं, जिसको वह अपनी तल्ख बयानबाजी से दुरुस्त करने की कोशिश कर रहे हैं।

दिलचस्प बात तो यह है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ यानी आरएसएस से जुड़ी पत्रिका ऑर्गनाइजर ने दो टूक कहा है कि लोकसभा चुनाव के नतीजे भाजपा के अति आत्मविश्वासी कार्यकर्ताओं और कई नेताओं का सच से सामना कराने वाले हैं। वजह यह कि भाजपा नेता और कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आभामंडल के आनंद में डूबे रह गए और उन्होंने आमजन की आवाज को अनदेखा कर दिया, जिसका परिणाम सामने है।

अब तो संघ यहां तक स्वीकार कर चुका है कि आरएसएस भले ही भाजपा की जमीनी ताकत न हो, लेकिन पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने चुनावी कार्य में सहयोग मांगने के लिए स्वयंसेवकों से संपर्क तक नहीं किया। इतना ही नहीं, चुनाव परिणामों में उन पुराने समर्पित कार्यकर्ताओं की उपेक्षा भी स्पष्ट है, जिन्होंने बगैर किसी लालसा के काम किया। इनके स्थान पर इंटरनेट मीडिया तथा सेल्फी संस्कृति से सामने आए कार्यकर्ताओं को महत्व दिया गया। जिसका साइड इफ़ेक्ट अब जगजाहिर हो चुका है।

रतन शारदा के मुताबिक, भगवा आतंकवाद को सक्रिय रूप से बढ़ावा देने वाले, हिंदुओं पर अत्याचार करने वाले, 26/11 को आरएसएस की साजिश कहने वाले तथा आरएसएस को आतंकवादी संगठन बताने वाले कांग्रेसियों को भाजपा में शामिल करने जैसे फैसलों ने भाजपा की छवि को खराब किया और इससे आरएसएस से सहानुभूति रखने वालों को भी बहुत चोट पहुंची। उन्होंने यहां तक कह दिया कि आरएसएस भाजपा की जमीनी ताकत नहीं है। दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा के अपने कार्यकर्ता हैं। मतदाताओं तक पहुंचने, पार्टी का एजेंडा समझाने, साहित्य बांटने और वोटर कार्ड बांटने जैसे नियमित चुनावी कार्य पार्टी की जिम्मेदारी हैं।

उल्लेखनीय है कि अब आरएसएस उन मुद्दों के बारे में लोगों के बीच जागरूकता बढ़ा रहा है जो उन्हें और राष्ट्र को प्रभावित करते हैं। यदि उसकी सियासी अभिरुचि की बात की जाए तो 1973-1977 की अवधि को छोड़कर आरएसएस ने कभी भी सीधे राजनीति में भाग नहीं लिया। क्योंकि उसने यह जिम्मेदारी भाजपा पर छोड़ रखी है। इस बार भी आधिकारिक तौर पर तय किया गया था कि आरएसएस कार्यकर्ता 10-15 लोगों की स्थानीय, मोहल्ला, कार्यालय स्तर की छोटी-छोटी बैठकें आयोजित करेंगे और लोगों से कर्तव्य के तौर पर मतदान करने का अनुरोध करेंगे। इसमें राष्ट्र निर्माण, राष्ट्रीय एकता और राष्ट्रवादी ताकतों को समर्थन के मुद्दों पर भी चर्चा हुई।

लोग-बाग पूछ रहे हैं कि क्या राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भारतीय जनता पार्टी के मतभेदों का ये सिलसिला कभी थमेगा, या फिर यूं ही चलता रहेगा! क्या इसके पीछे नौकरशाही की कोई भूमिका है या फिर कोई अंतर्राष्ट्रीय दबाव, जो पद और गोपनीयता की शपथ के चलते आमलोगों के सामने नहीं आ पा रहे हैं। कभी गौ रक्षकों की पीठ पर से हाथ खींचने, कभी भेदभावी आरक्षण के समर्थन में खड़े दिखने, कभी तुष्टिकरण की सियासत को संतुष्टिकरण करार देने के पीछे सत्ता का असली मकसद क्या है, यह तो वही जाने, लेकिन इसका जो साइड इफेक्ट्स होगा, वह संघ के साथ साथ भाजपा को भी प्रभावित करेगा, जिसकी शुरुआत लोकसभा चुनाव परिणाम 2024 से हो चुकी है। यदि दोनों संगठन प्रमुखों ने आ बैल मुझे मार वाली कहावत को चरितार्थ किये तो यह क्रूर इतिहास उन्हें भी नहीं बख्शेगा, इतनी समझ तो उनमें भी होगी, होनी भी चाहिए।

**- कमलेश पांडेय**

## राशिफल

ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष : अष्टमी

(विक्रम संवत् 2081)

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
भरपूर शुभता बनी हुई है। स्वास्थ्य बहुत अच्छा है। प्रेम, संतान की स्थिति बहुत अच्छी है। व्यापार भी बहुत अच्छा चल रहा है।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
खर्च की अधिकता रहेगी। यद्यपि शुभ कार्यों में खर्च होगा फिर भी थोड़ा मन परेशान रहेगा।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
रुका हुआ धन वापस मिलेगा। आय के नवीन स्तोत्र बनेंगे। शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। यात्रा में लाभ होगा।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी। स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रेम, संतान का साथ होगा। सबकुछ बहुत अच्छा है।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
यात्रा का योग बनेगा। धर्म-कर्म में हिस्सा लेंगे। रुका हुआ कार्य चलने लगेगा। भाग्य साथ देगा।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
परिस्थितियां थोड़ा प्रतिकूल हैं। चोट-चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। बचकर पार करें।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
जीवनसाथी का सानिध्य मिलेगा। नौकरी-चाकरी की स्थिति अच्छी होगी। प्रेमी-प्रेमिका की मुलाकात होगी।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
शत्रुओं पर भारी पड़ेंगे। रुका हुआ कार्य चल पड़ेगा। बुजुर्गों का आर्शीवाद मिलेगा। गुण ज्ञान की प्राप्ति होगी।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
विद्यार्थियों के लिए अति उत्तम समय। अच्छा निर्णय लेंगे। स्वास्थ्य अच्छा है। प्रेम, संतान का साथ है।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
भूमि, भवन, वाहन की खरीदारी संभव है। घर में थोड़ा सा माहौल एग्रेसिव रहेगा। फिर भी बहुत अच्छा।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी। अपनों का साथ होगा। स्वास्थ्य अच्छा है। प्रेम, संतान का साथ है। व्यापार अच्छा है।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
धन का आवक बढ़ेगा। कुटुंब में वृद्धि होगी। लक्ष्मी योग का निर्माण हो रहा है। शुभता के प्रतीक बने रहेंगे। स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

# किसानों की समस्याओं को लेकर सीईओ को सौंपा ज्ञापन



**नोएडा (चेतना मंच)।** किसानों की समस्याओं को लेकर कल नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डा.लोकेश एम को सेक्टर-145 के आरडब्ल्यूए अध्यक्ष एड.लाटसाहब लोहिया और उपाध्यक्ष सुभाष भाटी ने ज्ञापन दिया।

सीईओ विजय कुमार रावल से भी वार्ता की और समस्याओं पर जल्द से जल्द कार्रवाई करके सेक्टर का विकास कार्य पूर्ण कराये जाने आश्वासन दिया है।

इस मौके पर कोषाध्यक्ष संजय चौहान मुरारी लाल, महासचिव नीरज चौहान सचिव सचिन शर्मा आदि मौजूद रहे।

# इटेडा प्रकरण को लेकर पुलिस कमिश्नर से मिला प्रतिनिधिमण्डल

**ग्रेटर नोएडा( चेतना मंच )।** किसान मज़दूर संघर्ष मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के कर्मचारियों द्वारा में गाव इटेडा में निहत्थे किसानों पर बर्बरता के संबंध में गौतमबुद्ध नगर की पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह से संगठन के राष्टीय अध्यक्ष डॉक्टर विकास प्रधान के नेतृत्व में मुलाक़ात की। इस सम्बन्ध में संगठन के राष्टीय महासचिव कृष्ण नागर ने कहा की ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने निहत्थे किसानों पर हमला किया है। इसमें कई किसानों को चोटें आयी हैं। किसानों पर प्राधिकरण के अधिकारियों द्वारा बिना नोटिस के दस्ता भेजकर किसानो की आबादी को तोड़ने के लिए पहुँचे थे जिसका




किसानों ने विरोध किया था।

प्राधिकरण के कर्मचारियों ने किसानों पर हमला किया इस घटना को लेकर गौतमबुद्ध नगर के किसानों में भारी रोष और प्राधिकरण के ख़िलाफ़ गुस्सा है। संगठन के राष्टीय कोषाध्यक्ष लौकेश भाटी ने कहा कि कमिशनर महोदया ने निष्पक्ष जाँच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

इस मौक़े पर डा विकास प्रधान कृष्ण नागर लौकेश भाटी जगत बीडीसी अनुज नागर सत्येन्द्र नागर आरसी पटेल सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# जेई के कारण हो रही प्राधिकरण अफसरों की फजीहत

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के वर्क सर्किल-3 में तैनात जेई की मनमानी के कारण ही आए दिन किसानों एवं प्राधिकरण कर्मियों के बीच टकराव हो रहा है किसानों का आरोप है कि ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के वर्क सर्किल 3 में तैनात जेई मनोज चौधरी पहले तो अवैध निर्माण को अनुमति देता है।

उसके बाद जब तोड़फोड़ करने प्राधिकरण का दस्ता पहुंचता है तो किसानों के बीच टकराव हो जाता है ऐसी कई घटनाएं हो चुकी है। लेकिन ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के आला अफसर उक्त जेइ के करतूत पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। यदि समय रहते जेई के इन करतूतों का संज्ञान में लेकर उस पर कार्रवाई नहीं की गई तो आने वाले दिनों में बड़ा बवाल हो सकता है।

सूत्र बताते हैं कि ईटेड़ा में हुए प्राधिकरण एवं किसानों के संघर्ष का सूत्रधार भी उक्त जेई ही बताया जा रहा है। अब देखना है की मनोज चौधरी पर कार्रवाई होती है या नहीं यह तो आने वाला समय बताएगा।



भाकियू ( भानू ) के चिंतन शिविर में हिस्सा लेते किसान नेता सुभाष भाटी ( शहदरा )



भाजपा के नवनिर्वाचित सांसद डा. महेश शर्मा एवं रवनीत सिंह बिट्टू को जीत की बधाई देते भाजपा नेता मनोज चैधरी ( तुगलपुर )



भारतीय किसान यूनियन बलराज संगठन के बैनर तले अनिश्चित कालीन धरना सेक्टर-142 नोएडा शहदरा गांव में 122वे दिन भी जारी रहा।

# शिक्षक संघ ने सौंपा ज्ञापन

**नोएडा (चेतना मंच)।** परिषदीय विद्यालयों में ग्रीष्मावकाश को बढ़ाने की मांग को लेकर शिक्षक संघ ने कल एक ज्ञापन सौंपा। इस अवसर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ गौतमबुद्धनगर के प्रतिनिधि मण्डल जिला अध्यक्ष प्रवीण शर्मा, जिला मंत्री गजन भाटी, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष बलेराम नागर, जिला उपाध्यक्ष जगबीर भाटी, संगठन मंत्री राजीव शर्मा, मीडिया प्रभारी अरविंद शर्मा, सदर तहसील प्रभारी रामकुमार शर्मा, जिला उपाध्यक्ष अतुल उपाध्याय, सतीश पीलवान आदि रहे।



## नाम-परिवर्तन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम वीर प्रताप सिंह पुत्र सुरेंद्र कुमार निवासी ग्राम गेझा तिलपताबाद, सेक्टर-93 ,नोएडा जनपद गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश है। आधार कार्ड में मेरा नाम वीर प्रताप सिंह उल्लेखित है जबकि पासपोर्ट में त्रुटिवश मेरा नाम वीर प्रताप सिंह लोहिया उल्लेखित हो गया है। यह दोनों ही मेरे नाम है द्यपासपोर्ट में मेरा नाम वीर प्रताप सिंह लोहिया के स्थान पर वीर प्रताप सिंह दर्ज किया जाए।

## उत्तर मध्य रेलवे

G20

No.:-DRM/C/AGRA/NFR/E-AUCTION Dated:- 05.06.2024

**ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से **वरि. मण्डल वाणिज्य प्रबंधक-आगरा** द्वारा निम्न दी गयी श्रेणियों के अनुसार ई-नीलामी आमंत्रित की गयी है, विवरण निम्न प्रकार है:-

**श्रेणी:** Misc-Static-Services | **केटलॉग संख्या:** PSCAN-AGRA-24-2

**एसेट्स डिटेल्स:** आगरा छावनी रेलवे स्टेशन के पार्सल कार्यालय में पार्सल स्कैनर मशीन के माध्यम से आउटवर्ड पार्सल को स्कैन करने के ठेके के संबंध में।

**ई-नीलामी प्रारम्भ होने की तिथि एवं समय:** दिनांक 20.06.2024 को समय- 11.00

**ई-नीलामी समाप्त होने की तिथि व समय:** दिनांक 20.06.2024 को समय 11.30

**नोट:** उक्त ठेकों के आवंटन हेतु नीलामी केवल ऑनलाईन वेबसाइट www.ireps.gov.in के e-auction module के माध्यम से की जायेगी। लॉट अनुसार विवरण उपर्युक्त केटलॉग संख्या के अंतर्गत उपलब्ध है। 1012/24 FA

North central railways @CPRONCR @northcentralrailway www.ncr.indianrailways.gov.in

## पृष्ठ एक के शेष....

**रक्तदान है महादान, हर...**

से रक्तदान करने की अपील की। इसके पूर्व जिला अधिकारी ने संयुक्त चिकित्सालय का निरीक्षण किया और चिकित्सालय में मरीज को दी जा रही व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली।

इस मौके पर कुछ मीडियाकर्मी, समाजसेवियों व अस्पताल के कर्मियों ने भी रक्तदान किया।

इस अवसर पर संयुक्त चिकित्सालय की मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर रेनू अग्रवाल तथा अन्य डॉक्टर एवं स्टाफ मौजूद रहे।

**मुठभेड़ में शातिर...**

तरफ जाने वाले रास्ते पर हुई पुलिस मुठभेड़ में 01 शातिर लुटेरे रिषभ दयाल पुत्र दयाल सिंह निवासी मयूर विहार, फेस-3, थाना अशोक नगर दिल्ली को गिरफ्तार किया गया है।

अभियुक्त रिषभ ने घिरता देख पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की गयी जिसमे पुलिस टीम द्वारा की गयी जवाबी कार्यवाही मे अभियुक्त रिषभ उपरोक्त के पैर मे गोली लगने के कारण घायल हो गया। पुलिस ने उसके कब्जे से 01 अवैध तमंचा देशी .315 बोर मय 01 जिन्दा कारतूस व 01 खोखा कारतूस .315 बोर, 03 मोबाइल फोन (जिसमे 01 मोबाइल रेडिमी सम्बन्धित मु0अ0सं0 199/2024 धारा 392 भादवि थाना सेक्टर-58, नोएडा व अन्य 02 मोबाइल फोन जो नोएडा क्षेत्र एवं गाजियाबाद क्षेत्र से चोरी और लूटे गए हैं), संदिग्ध स्कूटी एंटार्क रजिस्ट्रेशन नंबर डीएल 12 एसएस 5447 बरामद हुई है। घायल अभियुक्त को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया है।

**गाजियाबाद के लिंक रोड...**

पुलिस कॉम्बिंग के दौरान दूसरे बदमाश को पकड़ लिया गया है।

ग़ाज़ियाबाद के थाना लिंक रोड क्षेत्र में ग़ाज़ियाबाद पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गयी। इस मुठभेड़ में एक बदमाश के पेर में गोली लग गयी। ग़ाज़ियाबाद पुलिस के एसीपी ने बताया की जिस वक्त मुठभेड़ हुई उस समय पुलिस चेकिंग कर रही थी। घायल बदमाशों को इलाज़ के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ने बताया की पकडे गए बदमाश की पहचान राजकुमार उर्फ़ राजू और अजय के रूप में हुई है।

ग़ाज़ियाबाद पुलिस कमिशनरेट के एसीपी रजनीश कुमार उपाध्याय ने बताया की बृहपतिवार रात पुलिस थाना लिंक रोड क्षेत्र में चेकिंग कर रही थी। तभी बाइक पर 2 संदिग्ध व्यक्ति आते हुए दिखाई दिए। पास आने पर जब पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया तो वह बाइक घुमाकर भागने की कोशिश करने लगे। उन्हें भागता देख पुलिस को शक हुआ तो घेराबंदी कर बदमाशों को रोकने का प्रयास किया गया। बदमाशों द्वारा खुद को घिरता देख पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्यवाही में एक बदमाशों के पैर में गोली लग गयी तथा दूसरा बदमाश भागने में सफल हो गया।

ग़ाज़ियाबाद पुलिस के एसीपी रजनीश कुमार उपाध्याय ने बताया की फरार बदमाश को पकड़ने के लिए जगह जगह पर कॉम्बिंग की गई। एसीपी ने बताया की जानकारी मिली की फरार बदमाश थाना साहिबाबाद रेलवे रोड के पास कही छुपा हुआ है। थाना साहिबाबाद पुलिस ने बदमाश को पकड़ने के लिए दबिश दी तो मुठभेड़ में उसके पैर में गोली लग गयी। घायल बदमाशों का इलाज़ कराया जा रहा है। एसीपी ने बताया की बदमाशों पर कई थानों पर चोरी के मुकदमे दर्ज है। बदमाशों के कब्ज़े से एक मोटरसाइकिल, चोरी किये गए आभूषण, अवैध तमंचे, कारतूस व कुछ रूपये बरामद किये है।

**युवक ने लगाई...**

घर में पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने उसे अस्पताल पहुंचाया जहां डाक्टरों ने मुकुल को मृत घोषित कर दिया।

**'गठबंधन के साथ...**

बातचीत के दौरान कही। हाल ही में लोकसभा चुनाव 2024 में पंजाब और दिल्ली में आम आदमी पार्टी के खराब प्रदर्शन पर पूछे गए सवाल पर संजय सिंह ने कहा कि शीघ्र ही इसको लेकर विचार विमर्श किया जाएगा तथा लोकसभा चुनाव में जो खामियां रही उनको दुरुस्त किया जाएगी। आप सांसद संजय सिंह ने उत्तर प्रदेश खासकर अयोध्या में भाजपा की करारी हार को लेकर पूछे गए सवाल पर कहा कि प्रभु श्री राम ने भाजपा के अहंकार को तोड़ दिया है। फैजाबाद में विकास के नाम पर सैकड़ों गरीबों के घर उजाड़ दिए गए तथा उनको ना तो मुआवजा दिया गया और ना ही वैकल्पिक रिहायशी सुविधा। इस कारण अयोध्या की जनता ने भाजपा को चुनाव में सबक सिखा दिया है।

एक सवाल के जवाब में संजय सिंह ने कहा कि बैसाखी पर चल रही केंद्र की यह सरकार जल्द ही लड़खड़ा कर गिर जाएगी। क्योंकि लोकसभा स्पीकर के चुनाव को लेकर भाजपा को कड़ी मशक्कत करनी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन की सियासी उठापटक पर पैनी नजर रहेगी तथा मौका पड़ने पर सरकार गठन पर भी विचार किया जाएगा।

**जल संकट के लिए हरियाणा जिम्मेदार**

आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद व उत्तर प्रदेश के प्रभारी संजय सिंह ने देश की राजधानी दिल्ली में जारी जल संकट पर कहा कि दिल्ली में पानी की किल्लत हरियाणा सरकार की वजह से हो रही है। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार दिल्ली को अपेक्षित पानी की सप्लाई नहीं कर रही है जिसके कारण यह संकट पैदा हो रहा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली वासियों के वोटो पर जीते बीजेपी के सातों सांसद इस मामले में पहल करें तथा हरियाणा से पानी की आपूर्ति बढ़ाने का दबाव दें।




## पूर्वोत्तर रेलवे

**खुली ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबन्धक/गति शक्ति यूनिट/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु आनलाईन 'खुली' ई-निविदायें आमंत्रित की जाती हैं जिसका विवरण नीचे निम्नवत है-

**ई निविदा संख्या:**-NER-LJN-GS-2024-04 (Two Packet System), **कार्य का नाम:**- लखनऊ मंडल: गोण्डा - गोरखपुर अनुभाग में मुण्डेरवा - ओखारा स्टेशनों के मध्य किमी. 554/5-6 पर मानवयुक्त समपार सं. 189/स्पेशल पर 1*48.0m क्लियर स्पान के बो स्ट्रिंग गर्डर से युक्त 2 लेन आर. ओ. बी. का निर्माण (पहुंच सहित एक छोर से दूसरे छोर तक)।, **अनुमानित लागत (₹):**- 388507591.20, **अग्रिम धन (₹):**- 2092500.00, **समापन अवधि:**- 18 माह, 1. उपरोक्त ई-निविदा संख्या NER-LJN-GS-2024-04 के लिये ई-निविदा दिनांक 05.07.2024 को 15:00 बजे तक अपलोड की जा सकती हैं तथा उसी दिन समय 15:00 बजे के बाद ई-निविदा खोली जायेंगी।, 2. उपरोक्त ई-निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकार ई निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से सम्बन्धित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

मण्डल रेल प्रबन्धक/गति शक्ति यूनिट
मुजाधि/डब्लू-115 लखनऊ

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

## खास खबर

### एलन मस्क ने हटाए कंपनी से 80 प्रतिशत कर्मचारी

**वाशिंगटन।** अधिग्रहण के बाद एलन मस्क ने सोशल मीडिया कंपनी को निजी बना लिया, जिससे उनके निर्णय में पारदर्शिता कम हो गई है। इस कारण 2022 में ट्विटर को 44 बिलियन डॉलर में खरीदने के कुछ महीनों के भीतर, उन्होंने आधे कर्मचारियों को निकाल दिया था। एलन मस्क ने वर्ष 2022 में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर को खरीद लिया था। ट्विटर को खरीदने के बाद ही इसका नाम भी बदलकर एक्स कर दिया था। वहीं अब जानकारी मिली है कि ट्विटर यानी एक्स प्लेटफॉर्म के 6000 कर्मचारियों को नौकरी से निकाला गया है। ये कुल कर्मचारियों का लगभग 80 प्रतिशत आंकड़ा है। जब एलन मस्क ने एक्स का कार्यभार संभाला था, तब उन्होंने कुछ कटौती करने की घोषणा की थी, जिसे तब से दुनिया की अन्य प्रौद्योगिकी कम्पनियों में भी देखा गया है।

### ओमेगा सेकी ने ऑर्बिट्सिस के साथ की साझेदारी

**मुंबई।** इलेक्ट्रिक वाहन बनाने वाली कंपनी ओमेगा सेकी मोबिलिटी (ओएसएम) ने अपने दैनिक ईवी डीलरशिप परिचालन की दक्षता बढ़ाने के लिए प्रबंधन कंपनी ऑर्बिटसिस टेक्नोलॉजीज के साथ साझेदारी की है। ओएसएम के अनुसार साझेदारी के तहत ऑर्बिट्स टेक्नोलॉजीज अपने पूरी तरह से एकीकृत क्लाउड-आधारित डीलर प्रबंधन प्रणाली (डीएमएस) के साथ सभी इलेक्ट्रिक यात्री तथा वाणिज्यिक वाहन श्रेणियों में ओमेगा सेकी मोबिलिटी के बिक्री से पूर्व व उसके बाद के ह्रटचपॉइंट्स का समर्थन करेगी। ओमेगा सेकी मोबिलिटी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि देशभर में 200 से अधिक ओएसएम डीलरशिप हैं और हम बड़े पैमाने पर खुदरा क्षेत्र में अपनी उपस्थिति दर्ज कराना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि हमारा मानना है कि इन सभी जिलों तक पहुंचने का एकमात्र तरीका उच्च गुणवत्ता वाली प्रौद्योगिकी-उन्मुख डीलर प्रबंधन प्रणाली है, जो अधिक से अधिक ग्राहकों तक पहुंचने के लिए हमारी क्षमताओं और सेवाओं बढ़ाएगी।

### रुपया छह पैसे गिरकर 83.54 डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी बाजार में अमेरिकी मुद्रा की मजबूती और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बीच रुपया गुरुवार को छह पैसे की गिरावट के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 83.54 पर आ गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि घरेलू मोर्चे पर कमजोर वृहद आर्थिक आंकड़ों से भी स्थानीय मुद्रा पर दबाव पड़ा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 83.52 प्रति डॉलर पर खुला। शुरूआती सौदों के बाद 83.54 प्रति डॉलर पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव से छह पैसे की गिरावट दशार्ता है। रुपया बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 83.48 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की मजबूती को परखने वाला डॉलर सूचकांक 0.14 प्रतिशत की बढ़त के साथ 104.78 पर रहा।

### सोना फिसला, चांदी 90 हजार से नीचे

**नई दिल्ली।** देश के सराफा बाजारों में सोने और चांदी के वायदा कारोबार में गुरुवार को नरमी देखी जा रही है। दोनों के वायदा भाव गुरुवार को गिरावट के साथ खुले। सोने के वायदा भाव 71,450 रुपये के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 88,400 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे। वैश्विक बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव में भी गिरावट देखने को मिल रही है। सोने के वायदा भाव की शुरूआत गिरावट के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अगस्त कॉन्ट्रेक्ट 495 रुपये की गिरावट के साथ 71,475 रुपये के भाव पर खुला। चांदी के वायदा भाव की शुरूआत सुस्त रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क जुलाई कॉन्ट्रेक्ट 1,499 रुपये की गिरावट के साथ 88,946 रुपये पर खुला। इसके बाद यह 2,010 रुपये की गिरावट के साथ 88,435 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। वैश्विक बाजार में सोने चांदी के वायदा भाव की शुरूआत सुस्त रही। कॉमेक्स पर सोना 2,340.89 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला।

# बढ़ती महंगाई पर काबू पाने सरकार की 16 वस्तुओं के भावों पर नजर

## मूल्य निगरानी वाली वस्तुओं की संख्या बढ़कर 38 हो जाएगी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** खाद्य वस्तुओं की बढ़ती महंगाई पर काबू पाने के लिए सरकार चिंतित दिख रही है। इसी क्रम में केंद्र सरकार उन आवश्यक वस्तुओं की सूची में 16 नई वस्तुओं को शामिल करने की तैयारी कर रही है जिनकी कीमतों पर नजर रखी जाती है। अगर ऐसा हुआ तो मूल्य निगरानी वाली वस्तुओं की संख्या बढ़कर 38 हो जाएगी। सूत्रों ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी ने अपने 2024 के घोषणा पत्र में कहा था कि गरीब परिवारों के लिए अपनी गारंटी के तहत वह गरीब की थाली की सुरक्षा के लिए अपने प्रयासों का विस्तार करेगी। पार्टी ने कहा था कि सरकार अपने 100 दिन के एजेंडे के तहत उन वस्तुओं की सूची का विस्तार करेगी जिनकी कीमतों पर नजर रखी जाती है। फिलहाल इस मुद्दे पर चर्चा चल रही है। सूत्रों ने बताया कि सब्जियों की कीमतों में



सबसे अधिक उतार-चढ़ाव दिखता है। इसलिए मूल्य निगरानी वाली 16 नई संभावित वस्तुओं सब्जियों को शामिल किया जा सकता है। आवश्यक वस्तुओं की खुदरा एवं थोक कीमतों पर नजर रखने से सरकार को उसमें उतार-चढ़ाव को बेहतर ढंग से समझने और आवश्यक उपाय करने में मदद मिलेगी। फिलहाल सरकार 22 आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में उतर-चढ़ाव पर नजर रखती है ताकि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर उनके प्रभाव का आकलन किया जा सके। देश भर के 167 केंद्रों से इन 22 वस्तुओं की थोक एवं खुदरा कीमतें रोजाना एकत्र की जाती हैं। हाल में भारतीय रिजर्व बैंक ने देश में भीषण गर्मी और सूखे की स्थिति के कारण खाद्य वस्तुओं और खास तौर पर फल-सब्जियों की कीमतों पर दबाव बढ़ने के लिए चिंता जताई थी। आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा था कि रबी सीजन में दाल और सब्जियों की आवक पर बारीकी से नजर रखने की जरूरत है। खाद्य मुद्रास्फीति में तेजी को देखते हुए केंद्र सरकार ने हाल के समय में कई उपायों की घोषणा की है। इसी क्रम में अनाज के निर्यात पर पाबंदी लगाई गई और शून्य शुल्क पर दलहन एवं खाद्य तेलों के आयात की अनुमति दी गई है। बहरहाल, जिन 22 वस्तुओं की कीमतों पर नजर रखी जाती है, उनमें चावल, गेहूं, चीनी, गुड़, नमक, दूध, चाय, आलू, प्याज, टमाटर, चना दाल, अरहर दाल, उड़द दाल, मूंग दाल, मसूर दाल, मूंगफली तेल, सरसों तेल, सूरजमुखी तेल, सोया तेल, पाम ऑयल और वनस्पति घी शामिल हैं। सूत्रों ने कहा कि सरकार दलहन और प्याज जैसी वस्तुओं के दाम ऊपर-नीचे होने पर चरणबद्ध प्रतिक्रिया के लिए बेहतर नीति लाने की भी तैयारी कर रही है। सूत्रों ने कहा कि प्याज के भंडारण के लिए बुनियादी ढांचे को बेहतर करना भी नए मंत्री की प्रमुख प्राथमिकता होगी ताकि भंडारण में नुकसान को कम करने में मदद मिल सके।

# तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना रहेगा भारत: वर्ल्ड बैंक

एजेंसी




**नई दिल्ली।** वर्ल्ड बैंक की ओर से कहा गया है कि भारत अगले 3 साल में 6.7 प्रतिशत की विकास दर से आगे बढ़ेगा। मजबूत घरेलू मांग, निवेश में उछाल और सर्विसेज सैक्टर में अच्छी गतिविधि के चलते भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना रहेगा। एक रिपोर्ट में वर्ल्ड बैंक ने वित्त वर्ष 2025 में भारत के लिए अपने विकास पूर्वानुमान को 6.6 प्रतिशत पर बरकरार रखा है। इसने कहा कि भारत दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से बढ़ने वाला देश बना रहेगा, हालांकि इसके विस्तार की गति थोड़ी धीमी हो सकती है। इससे पहले अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने 2024-25 के लिए भारत के विकास पूर्वानुमान को 6.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.8 प्रतिशत कर दिया था। आरबीआई ने पिछले हफ्ते चालू वित्त वर्ष के लिए भारत के जीडीपी विकास पूर्वानुमान को 7 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.2 प्रतिशत कर दिया। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि 2024-25 की पहली तिमाही में जीडीपी वृद्धि 7.3 प्रतिशत, दूसरी तिमाही में 7.2 प्रतिशत, तीसरी तिमाही में 7.3 प्रतिशत और अंतिम तिमाही में 7.2 प्रतिशत रहने की संभावना है। भारतीय अर्थव्यवस्था ने जनवरी-मार्च तिमाही में 7.8 प्रतिशत की मजबूत जीडीपी वृद्धि दर्ज की है, जबकि पूरे साल 2023-24 के लिए विकास दर 8.2 प्रतिशत है। यह वित्त वर्ष 2022-23 में 7 प्रतिशत थी।

# शॉप्सी ने पेश की बजट मोबाइल रेंज जो प्रदान करता हैं फीचर से भरपूर

एजेंसी

**रांची।** भारत के सबसे तेजी से बढ़ते हाइपर-वैल्यू ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म शॉप्सी बाय फ्लिपकार्ट ने आज के ग्राहकों की बढ़ती जरूरतों और प्राथमिकताओं को पूरा करते हुए अपने प्लेटफॉर्म पर बजट मोबाइल फोन का एक व्यापक संग्रह लॉन्च किया है। शॉप्सी टॉप ब्रांड्स जैसेः मोटोरोला, वीवो, ओप्पो, रियलमी, सैमसंग, एमआई और कई अन्य टॉप ब्रांड्स, के मोबाइल फोन जिनकी कीमत 15,000 रुपये से कम है और शुरूआती रेंज 5,000 रुपये की एक रेंज पेश करता है, ताकि देश में किफायती फीचर-समृद्ध




स्मार्टफोन की बढ़ती मांग को पूरा किया जा सके। भारत भर में टियर 2 और टियर 3 शहरों में ग्राहंकों का, विशेष रूप से, अब गेमिंग और मनोरंजन के लिए स्मार्टफोन एक पसंदीदा डिवाइस बन गया हैं। इस नब्ज को पकड़ते हुए, , शॉप्सी बजट मोबाइलों का एक क्यूरेटेड चयन पेश किया है, जिससे यह गारंटी मिलती है कि ग्राहक बिना बजट से ज्यादा खर्च किए एक इमर्सिव मल्टीमीडिया अनुभव का आनंद लें। शॉप्सी ने इस सुनियोजित विस्तार की बदौलत बड़ी संख्या में नए उपभोक्ताओं को सक्रिय किया है जिन्होंने पहले कभी भी खरीदारी नहीं की है। इस साल की शुरूआत में शॉप्सी पर मोबाइल फोन रेंज की शुरूआत के बाद से, मोबाइल सेगमेंट में 5 गुना वृद्धि के साथ, प्लेटफॉर्म की मांग में अविश्वसनीय वृद्धि देखी गई है। इसके अलावा, हर महीने नए मोबाइल लॉन्च होने से उपयोगकताओं के बीच लगातार उत्साह पैदा किया है, जिसके परिणामस्वरूप लॉन्च के दिनों में मांग में 3 गुना वृद्धि हुई है। अहमदाबाद, नई दिल्ली, हिसार, कोलकाता और जिंद टॉप शहरों में से हैं, जहां उपयोगकताओं ने मोबाइल रेंज के साथ मजबूत जुड़ाव दिखाया है। खरीदारी को और अधिक प्रोत्साहित करने के लिए, शॉप्सी नो-कॉस्ट एटक विकल्प और आकर्षक बैंक ऑफर जैसे आकर्षक डील्स पेश करता है। इस सेगमेंट की शुरूआत पर टिप्पणी करते हुए। शॉप्सी के वरिष्ठ निदेशक कपिल थिरानी कहते हैं।

# जीवन बीमा की पॉलिसी पर मिलेगी ऋण सुविधा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** बीमा नियामक आयोग इरडा ने बीमा धारकों के हितों की रक्षा के लिए कुछ महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं। इरडा ने जो सर्कुलर जारी किया है। उसके अनुसार अब सभी जीवन बीमा पॉलिसीयों पर बीमाधारक लोन भी ले सकेंगे। जो बीमाधारक बीच में अपनी पॉलिसी कैंसिल करना चाहता है। इसका अधिकार बीमा धारक को दिया गया है। इरडा ने बीमा क्षेत्र में सुधार के लिए कई घोषणा की है। जीवन बीमा पॉलिसी का धारक अब बिना कारण बताए पाल्सी को खत्म कर सकता है। बीमा धारक को कंपनी अनुपातिक




प्रीमियम वापस करेगी। इसके लिए 1 वर्ष तक बीमा पॉलिसी का चलना अनिवार्य है। पॉलिसी धारक को सस्ती दरों पर लोन लेने की सुविधा होगी। जीवन बीमा और स्वास्थ्य बीमा के फ्री लुक पीरियड को 15 दिन से बढ़कर 30 दिन किया गया है। यदि पॉलिसी के कोई फीचर पसंद नहीं आते हैं। ऐसी स्थिति में पॉलिसी को वापस किया जा सकता है। उच्च शिक्षा मे बच्चों की पढ़ाई, शादी, मकान खरीदने के लिए भी जीवन बीमा पॉलिसी से राशि आहरण की सुविधा दी जाएगी। बीमा पॉलिसी के नए नियम 1 अगस्त 2024 से लागू हो जाएंगे। इरडा ने बीमा कंपनियों से कहा है। वह अपने क्षेत्र में सभी अस्पतालों में फिजिकल हेल्प डेस्क तैयार करे। जहां पर स्वास्थ्य बीमा से संबंधित पाल्सी धारक को तत्काल मदद की सुविधा मिले। अब सभी स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी 100 फीसदी केशलेस होगी। बीमा कंपनियों को पॉलिसी मैं दी गई जानकारी को आसान भाषा में प्रदर्शित करना होगा। ताकि पॉलिसी धारक आसानी से समझ सके।

# देश का उपभोक्ता बाजार संरचनात्मक अवसर प्रस्तुत करता है: टीसीपीएल



एजेंसी

**नई दिल्ली।** टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (टीसीपीएल) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि भारत का उपभोक्ता बाजार दीर्घकालिक संरचनात्मक अवसर प्रस्तुत करता है, जो जनसंख्या, बढ़ते मध्यम वर्ग, तेजी से शहरीकरण, बढ़ती प्रयोज्य आय तथा बढ़ती आकांक्षाओं से प्रेरित है। टीसीपीएल की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि टाटा समूह की एफएमसीजी शाखा इस महत्वपूर्ण अवसर का लाभ उठाने के लिए अच्छी स्थिति में है। अधिकारी ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था बेहद मजबूती से बढ़ रही है और वर्तमान गति उच्च बनी हुई है। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में भारत इसी प्रकार की वृद्धि गति को बनाए रखेगा। विश्व अर्थव्यवस्था के लिए आधारभूत पूर्वानुमान 2024 और 2025 के दौरान दो प्रतिशत से अधिक की वृद्धि जारी रखने का है। उन्होंने कहा कि हालांकि भारत वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 8.2 प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि दर के साथ बहुत मजबूती से बढ़ रहा है।

# पेटीएम शेयर की कीमत में 3 फीसदी तेजी

## पेटीएम सैमसंग वॉलेट के साथ साझेदारी करेगी

एजेंसी

**मुंबई।** पेटीएम की मूल कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस के शेयरों में गुरुवार को तीन प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। पेटीएम के शेयर की कीमत 415.50 रुपये के उच्च स्तर पर पहुंच गई है। इसके साथ ही कंपनी ने घोषणा भी की है कि कंपनी सैमसंग वॉलेट के साथ साझेदारी करेगी। इस साझेदारी से यूजर्स को फ्लाइट, बस, मूवी और इवेंट टिकट बुकिंग करने में लाभ हो सकेगा। इसके बाद गैलेक्सी स्मार्टफोन उपयोगकताओं को अब पेटीएम की सेवाएं मिलेंगी, जिसमें फ्लाइट और बस बुकिंग, मूवी टिकट खरीद और इवेंट बुकिंग शामिल हैं।




सैमसंग वॉलेट से साथ साझेदारी करने के बाद सर्विसेस का उपयोग किया जा सकेगा। सैमसंग ने कहा कि गैलेक्सी स्मार्टफोन उपयोगकर्ता फ्लाइट, बस और मूवी बुकिंग के लिए पेटीएम ऐप और इवेंट बुकिंग के लिए पेटीएम इनसाइडर ऐप का उपयोग करते हैं, ताकि वे सैमसंग वॉलेट में जोड़ें कार्यक्षमता का उपयोग करके अपने टिकट सीधे सैमसंग वॉलेट में जोड़ सकें। इससे वे हवाई अड्डों, बस टर्मिनलों, सिनेमा हॉल, इवेंट स्थलों आदि में प्रवेश करने के लिए इन तक आसानी से पहुँच सकेंगे। बता दें कि बीमा नियामक इरडा ने सामान्य बीमा उत्पादों के निमार्ता के रूप में पेटीएम जनरल इंश्योरेंस के पंजीकरण वापसी के आवेदन को स्वीकार कर लिया है। पेटीएम ने कहा कि यह कदम स्वास्थ्य, जीवन, मोटर, दुकान और गैजेट्स खंडों में बीमा वितरण को दोगुना करने की हमारी दिशा के अनुरूप है, जिसे हमारी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी पेटीएम इंश्योरेंस ब्रोकिंग प्राइवेट लिमिटेड (पीआईबीपीएल) के माध्यम से सुगम बनाया गया है।

# मेन्थॉल की कूलिंग पावर वाला मूव कूल लॉन्च

एजेंसी

**रांची।** पेन रिलीफ ब्रांड मूव ने कोल्ड थेरेपी से प्रेरित एक क्रांतिकारी इनोवेशन मूव कूलको लॉन्च किया है। मेन्थॉल की कूलिंग पावर से भरपूर, इस नए प्रोडक्ट को एक्टिव लाइफस्टाइल से जुड़ी चोटों, मोच, खिंचाव और मांसपेशियों में दर्द के कारण होने वाले मांसपेशियों और जोड़ों के दर्द से राहत देने के लिए डिजाइन किया गया है। दिसंबर 2021 में हुए रेकिट पेन इंडिया डीसीजी डिमांड सर्वे, जिसमें भारत के 4000 से अधिक उत्तरदाताओं ने हिस्सा लिया, इस सर्वे में शामिल करीब 8% उत्तरदाताओ ने बताया कि उन्हें हुए अधिकांश दर्द का कारण खेलकूद या व्यायाम रहे हैं। मूव कूल मांसपेशियों में दर्द, मोच और खिंचाव जैसी फिटनेस से जुड़ी चोटों को ठीक करता है। मेन्थॉल से भरपूर, मूव कूल बर्फ जैसी ठंडक का एहसास देता है, जो दर्द से प्रभावित हिस्से को सुन्न करने में मदद करता है और 15 सेकंड में काम करना शुरू कर देता है। मूव कूल भारत के सभी प्रमुख ऑफलाइन और ऑनलाइन रिटेल स्टोर पर जैल और स्प्रे जैसे दो सुविधाजनक विकल्पों में उपलब्ध है। इस रेंज में 10 ग्राम और 20 ग्राम जैल शामिल हैं जिनकी कीमत क्रमशः 60 रुपये और 110 रुपये है, वहीं स्प्रे में 15 ग्राम की कीमत 85 रुपये और 35 ग्राम की कीमत 186 रुपये है।

# हिंदुजा ग्रुप को अनिल अंबानी की कंपनी को खरीदने में छूट रहा पसीना

एजेंसी

**मुंबई।** कर्ज में डूबे उद्योगपति अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस कैपिटल को खरीदने के लिए हिंदुजा ग्रुप को काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। हिंदुजा ग्रुप ने एनसीएलटी में एक आवेदन देकर लेंडर्स को अंतिम भुगतान करने के लिए और समय मांगा है। हिंदुजा समूह की कंपनी इंडसइंड इंटरनेशनल होल्डिंग्स (आईआईएचएल) ने अक्टूबर 2023 में रिलायंस कैपिटल के लिए 9,850 करोड़ की सबसे बड़ी बोली लगाई थी। आईआईएचएल को अधिग्रहण को पूरा करने के लिए इंश्योरेंस रेगुलेटर सहित सभी अहम मंजूरियां मिल चुकी हैं। रिलायंस कैपिटल की इनसॉल्वेंसी प्रॉसीडिंग को पूरा करने और भुगतान करने की समय सीमा 27 मई थी। हिंदुजा ग्रुप ने बताया कि डिपार्टमेंट फॉर प्रमोशन ऑफ इंडस्ट्री एंड इंटरनल ट्रेड से विदेशी निवेश के लिए मंजूरी मिलने में देरी हुई है,



इसकारण इस प्रक्रिया को पूरा करने के लिए और समय चाहिए। रिलायंस कैपिटल के लेंडर्स का आरोप था कि आईआईएचएल द्वारा आवश्यक मंजूरी प्राप्त करने में विफलता का खामियाजा कॉरपोरेट देनदार और उसके वित्तीय लेनदारों को नहीं उठाना चाहिए। मंजूरी मिलने में देरी पूरी तरह से आईआईएचएल के कारण है। आईआईएचएल ने अपने आवेदन में दावा किया है कि सभी मंजूरियां प्राप्त करना उसकी अकेले की जिम्मेदारी नहीं है, क्योंकि अधिकांश मंजूरियों के लिए प्रशासक या कॉपोर्रेट देनदार की परिचालन सहायक या सहयोगी कंपनियों के माध्यम से आवेदन करना आवश्यक है, इसलिए ग्रुप के हाथ में नहीं है। 2,750 करोड़ की इक्विटी निवेश के बारे में आवेदन में कहा गया है कि ग्रुप ने अपने ऑडिटर्स डी एंड जी एसोसिएट्स एलएलपी के जरिए एक प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया है।

### महिंद्रा कार के दो नए मॉडलों की लॉन्चिंग

**जबलपुर।** स्टार ऑटोमोबाइल्स (एमपी) लिमिटेड द्वारा गत दिवस को महिन्द्रा एंड महिन्द्रा एक्सयूवी ७०० एमएक्स और ए एक्स ५ सिलेक्ट की ग्रेंड लॉन्चिंग की गई। कारों के विषय में एक्सपर्ट ने बताया कि एक्सयूवी ७०० एमएक्स की शुरूआती कीमत १४.४९ लाख रुपए है। ये मॉडल अब ७ सीटर में अवेलबल है, जो कि पूर्व में ५ सीटर में ही अवेलबल था। वहीं ७०० ए एक्स ५ सिलेक्ट मॉडल के यूनिक फीचर्स ने सभी खासा अट्रैक्ट किया। कंपनी के एरिया मैनेजर श्रीकांत राय ने बताया कि इसकी शुरूआती कीमत १६.८८ लाख रुपए है।

# एफडी की ब्याज दरों में गिरावट के एसबीआई ने दिए संकेत

एजेंसी

**मुंबई।** देश के सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के चेयरमैन दिनेश कुमार खारा ने कहा है कि एफडी पर ब्याज दरें अधिक हैं और मध्यम अवधि में इनके नीचे आने की उम्मीद की जा रही है। बैंक ने यह भी कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही से ब्याज दर चक्र को आसान बनाना शुरू कर सकता है। पिछले सप्ताह आरबीआई ने मजबूत आर्थिक वृद्धि के बीच महंगाई पर ध्यान केंद्रित करते हुए लगातार आठवीं बार अपनी प्रमुख नीतिगत दर रेपो को यथावत रखा था। खारा ने कहा ?कि हमें उम्मीद है कि अक्टूबर से शुरू होने वाली तीसरी




तिमाही में शायद खुदरा महंगाई चार प्रतिशत की ओर बढ़ने की कुछ संभावना होगी और वह सही समय होगा जब हम रिजर्व बैंक से नीतिगत दर में कुछ कटौती की उम्मीद कर सकते हैं। यानी अक्टूबर से एफडी पर ब्याज दरों में कटौती हो सकती है। रेपो रेट घटाने के बाद बैंक भी ब्याज घटाएंगे। स्विट्जरलैंड, स्वीडन, कनाडा और यूरो क्षेत्र जैसी उन्नत अर्थव्यवस्थाओं के कुछ केंद्रीय बैंकों ने वर्ष 2024 के दौरान दरों को कम करने का चक्र शुरू कर दिया है। दूसरी ओर अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दर में कटौती की बाजार उम्मीदें, जो पहले अधिक थीं, अब कम हो गई हैं। जहां तक बैंकिंग प्रणाली में ब्याज दर का सवाल है, खारा ने कहा कि कमोबेश ये पहले ही चरम पर हैं। उन्होंने कहा कि आगे जाकर हमें कुछ मामूली बदलाव देखने को मिलेंगे। पिछले महीने एसबीआई ने चुनिंदा अल्पकालिक परिपक्वता वाली सावधि जमा पर ब्याज दरों में 0.75 प्रतिशत तक की वृद्धि की थी। खुदरा सावधि जमा के तहत 46-179 दिन की जमा पर ब्याज दर को 0.75 प्रतिशत बढ़ाकर 5.50 प्रतिशत कर दिया गया है। पहले यह 4.75 प्रतिशत थी।

# भारत ने यूएई को उच्च गुणवत्ता वाला 8.7 टन अनानास भेजा

- एमडी 2 किस्म का अनानास को गोल्डन रिप या सुपर स्वीट के नाम से पहचाना जाता है
- भारत के कृषि निर्यात इतिहास में एक महत्वपूर्ण क्षण है
- वैश्विक बाजारों में उच्च गुणवत्ता वाले अनानास का उत्पादन तथा आपूर्ति करने की हमारी क्षमता को दशार्ता है।
- एमडी असाधारण मिठास और गुणवत्ता के लिए प्रसिद्ध है। इसकी महाराष्ट्र के कोंकण क्षेत्र के सिंधुदुर्ग जिले में खेती की जाती है

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत ने फल निर्यात को बढ़ावा देने के मकसद से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को उच्च गुणवत्ता वाले एमडी 2 किस्म के 8.7 टन अनानास की पहली खेप का सफल निर्यात किया है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि कृषि एवं




प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) ने यूएई को एमडी 2 किस्म के उच्च गुणवत्ता वाले 8.7 टन अनानास की पहली खेप का सफल निर्यात किया है। एमडी 2 किस्म का अनानास को गोल्डन रिप या सुपर स्वीट के नाम से पहचाना जाता है। यह अपनी असाधारण मिठास और गुणवत्ता के लिए प्रसिद्ध है। इसकी महाराष्ट्र के कोंकण क्षेत्र के सिंधुदुर्ग जिले में खेती की जाती है। मंत्रालय ने बताया कि यह भारत के कृषि निर्यात इतिहास में एक महत्वपूर्ण क्षण है, जो वैश्विक बाजारों में उच्च गुणवत्ता वाले अनानास का उत्पादन तथा आपूर्ति करने की हमारी क्षमता को दशार्ता है। डेल मोंटे ने 1980 के दशक में चुनिंदा (कृत्रिम) तरीके से इसकी पैदावार की। इसके बाद से यह अनानास उद्योग में स्वर्ण मानक बन गया है, जिसकी कोस्टा रिका, फिलीपींस और थाईलैंड जैसे देशों में महत्वपूर्ण खेती की जाती है।

# मांसपेशियों व जोड़ों के दर्द से तुरंत राहत मूव कूल लॉन्च

एजेंसी

**जमशेदपुर/रांची।** भारत के अग्रणी पेन रिलीफ ब्रांड मूव ने कोल्ड थेरेपी से प्रेरित एक क्रांतिकारी इनोवेशन मूव कूल को लॉन्च किया है। मेन्थॉल की कूलिंग पावर से भरपूर, इस नए प्रोडक्ट




को एक्टिव लाइफस्टाइल से जुड़ी चोटों, मोच, खिंचाव और मांसपेशियों में दर्द के कारण होने वाले मांसपेशियों और जोड़ों के दर्द से राहत देने के लिए डिजाइन किया गया है। दिसंबर 2021 में हुए रेकिट पेन इंडिया डीसीजी डिमांड सर्वे, जिसमें भारत के 4000 से अधिक उत्तरदाताओं ने हिस्सा लिया। इस सर्वे में शामिल करीब 8 प्रतिशत उत्तरदाताओ ने बताया कि उन्हें हुए अधिकांश दर्द का कारण खेलकूद या व्यायाम कर रहे हैं। मूव कूल मांसपेशियों में दर्द, मोच और खिंचाव जैसी फिटनेस से जुड़ी चोटों को ठीक करता है। मेन्थॉल से भरपूर, मूव कूल बर्फ जैसी ठंडक का एहसास देता है, जो दर्द से प्रभावित हिस्से को सुन्न करने में मदद करता है और 15 सेकंड में काम करना शुरू कर देता है। मूव कूल भारत के सभी प्रमुख ऑफलाइन और ऑनलाइन रिटेल स्टोर पर जैल और स्प्रे जैसे दो सुविधाजनक विकल्पों में उपलब्ध है। इस रेंज में 10 ग्राम और 20 ग्राम जैल शामिल हैं जिनकी कीमत क्रमशः 60 रुपये और 110 रुपये है, वहीं स्प्रे में 15 ग्राम की कीमत 85 रुपये और 35 ग्राम की कीमत 186 रुपये है।

## खास खबर

### पूरन ने गेल को पीछे छोड़ा

**त्रिनिडाडा ।** वेस्टइंडीज के बल्लेबाज निकोलस पूरन ने टी20 विश्वकप क्रिकेट में न्यूजीलैंड के खिलाफ हुए एक मुकाबले में एक अहम उपलब्धि अपने नाम की है। पूरन ने इस मैच में 17 रनों की अपनी पारी के दौरान अपने ही देश के दिग्गज खिलाड़ी का क्रिस गेल का एक रिकॉर्ड तोड़ दिया। अब पूरन वेस्टइंडीज की ओर से टी20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गये हैं। गेल ने 79 टी20 मैचों में 1899 रन बनाए हैं पर अब पूरन 91 मैचों में 1914 रन बनाकर गेल से आगे निकल गए हैं। पूरन के नाम टी20 अंतरराष्ट्रीय में एक भी शतक नहीं हैं। उनका सबसे अधिक स्कोर 82 का रहा है। शीर्ष 5 खिलाड़ियों की बात करें तो पहले पर निकलस पूरन, दूसरे पर क्रिस गेल जबकि तीसरे नंबर पर 67 मैचों में 1611 रन के साथ मार्लन सेमुएल्स, चौथे नंबर पर 101 मैचों में 1569 रन के साथ कायरन पोलार्ड और पांचवे नंबर पर 68 मैचों में 1527 रन के साथ लेंडल सिमंस हैं।

### अमेरिकी टीम पर लगी पांच रनों की पेनल्टी

**न्यूयार्क ।** अमेरिकी टीम को टी20 विश्वकप क्रिकेट में भारत के खिलाफ हुए मुकाबले में एक गलती भारी पड़ गयी। इससे मेजबान अमेरिंकी टीम पर पांच रन की पेनल्?टी लग गयी। अमेरिकी टीम पर ये पेनल्?टी ओवरों में देरी के कारण लगायी गयी है। नियम के अनुसार एक ओवर खत?म होने के बाद दूसरा ओवर डालने के बीच हर टीम को 60 सेकंड का समय दिया जाता है। वहीं इस दौरान अगर कोई टीम तीन बार अधिक समय लेती है तो अंपायर उसपर पांच रन की पेनल्टी लगा देते हैं। अमेरिकी टीम के एंड्रीस गौस ने तीन बार यह गलती की जिसके कारण टीम पर ये पैनाल्टी लगायी गयी है। आईसीसी ने अपने एक बयान में कहा, अगर गेंदबाजी करने वाली टीम पिछले ओवर के समाप्त होने के 60 सेकंड के अंदर अगला ओवर फेंकने के लिए तैयार नहीं होती है, तो पारी में तीसरी बार ऐसा होने पर 5 रन की पेनल्टी लगाई जाती है।

### अर्शदीप के आने से गेंदबाजी में विविधता आई : कुंबले

**न्यूयॉर्क ।** पूर्व क्रिकेटर अनिल कुंबले ने भारतीय टीम के युवा तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह की जमकर प्रशंसा की है। कुंबले ने कहा है कि बाएं हाथ के इस गेंदबाज से भारतीय टीम की गेंदबाजी में विविधता बढ़ी है। अर्शदीप ने अमेरिका के खिलाफ चार ओवर में केवल 9 रन देकर चार विकेट लिए थे। इस गेंदबाज ने अपने चार ओवर के स्पेल में 2.20 की इकॉनमी रेट से चार विकेट लिए। कुंबले ने कहा कि जिस तरह से अर्शदीप ने पाकिस्तान के खिलाफ अंतिम ओवर में प्रभावी तरीके से उससे वह मोहम्मद सिराज से भी बेहतर गेंदबाज के तौर पर उभरे हैं। साथ ही कहा कि विश्वकप में बेहतर गेंदबाजी से इस युवा का मनोबल भी बढ़ेगा जिसका लाभ उसे आगे के मैचों में होगा।

### नासाउ क्रिकेट स्टेडियम पर चलेगा बुल्डोजर

**न्यूयार्क ।** भारत और पाकिस्तान के बीच यहां जिस नासाउ क्रिकेट स्टेडियम में आईसीसी टी20 विश्व कप मुकाबला खेला गया था उसपर अब बुल्डोजर चलेगा। अब जबकि टूनार्मेंट के बचे हुए मैच वेस्टइंडीज में होने है इस स्टेडियम को तोड़कर पहले की तरह ही पार्क में बदल दिया जाएगा। इस स्टेडियम को बनाने की शुरूआत सितंबर 2023 में हुई थी। कुछ ही महीनों में यह स्टेडियम बनकर तैयार हो गया था पर अब इसे छह हफ्ते के अंदर तोड़ दिया जाएगा। आईसीसी ने इसे तोड़ने का फैसला अधिकारियों पर छोड़ा है। इस स्टेडियम को पहले की तरह ही आइजनहावर पार्क में बदल दिया जाएगा जहां लोगों के आने जाने की सुविधा होगी।

# सुपर आठ में पहुंची भारतीय टीम

एजेंसी

**न्यूयार्क।** भारतीय क्रिकेट टीम ने यहां अपने तीसरे टी20 विश्वकप मुकाबले में अमेरिका को सात विकेट से हराकर सुपर आठ में प्रवेश किया है। भारतीय टीम की जीत में आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव और शिवम दुबे ने अहम भूमिका निभाई। इस मैच में भारतीय टीम की ओर से तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने शानदार गेंदबाजी करते हुए केवल 9 रन देकर चार विकेट लिए जिसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड मिला। इस मैच में जीत के साथ ही भारतीय टीम के अब 3 मैचों में 6 अंक हो गए हैं और टीम ग्रुप ए में शीर्ष पर पहुंच गयी है। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए मेजबान अमेरिकी टीम



ने 8 विकेट पर 110 रन पर बनाये। इसके बाद भारतीय टीम ने जीत का ये लक्ष्य 18.2 ओवर में ही 3 विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। इस मैच में लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम की शुरूआत अच्छी नहीं रही और अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली खाता खोले बिना ही सौरभ नेत्रवलकर की गेंद पर आउट हो गये। इसके बाद सौरभ ने कप्तान रोहित शर्मा को भी 3 रनों पर ही पेवेलियन भेज दिया। विकेटकीपर ऋषभ पंत 18 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद सूर्या 50 और शिवम दुबे 31 ने भारतीय पारी को संभाला और उसे लक्ष्य तक पहुंचाया। इससे पहले बल्लेबाजी के दौरान अमेरिकी टीम भारतीय टीम के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह और अन्य गेंदबाजों के सामने टिक नहीं पायी। अर्शदीप ने 9 रन देकर चार विकेट लेने के साथ ही एक अहम उपलब्धि हासिल की। यह टी20 विश्व कप में किसी भारतीय का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन है। इससे पहले यह रिकॉर्ड रविचंद्रन अश्विन के नाम था, जिन्होंने 2014 में मीरपुर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 11 रन पर चार विकेट लिए थे। अर्शदीप के अलावा हार्दिक पंड्या ने चार ओवर में 14 रन देकर दो विकेट चटकाए जबकि अक्षर पटेल को एक विकेट मिला। वहीं अमेरिका की ओर से नितीश कुमार ने 23 गेंद में 27 जबकि सलामी बल्लेबाज स्टीवन टेलर ने 30 गेंद में 24 रन बनाये।

## रोहित ने जीत के बाद सूर्यकुमार शिवम और अर्शदीप की प्रशंसा की

एजेंसी

**न्यूयॉर्क ।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने टी20 विश्वकप में अमेरिका के खिलाफ हुए मैच के बाद कहा कि इसमें कोई भी टीम जीत सकती थी। इस मैच में भारतीय टीम के लिए 111 रनों का लक्ष्य हासिल करना आसान नहीं रहा। रोहित ने इस मैच में सूर्यकुमार यादव के शानदार अर्धशतक के अलावा, शिवम दुबे की पारी और अर्शदीप सिंह की शानदार गेंदबाजी की प्रशंसा की है। अमेरिका के खिलाफ जीत दर्ज करने के बाद कप्तान रोहित ने कहा कि उन्हें पता था कि इस पिच पर लक्ष्य कर पीछा करना कठिन होगा। इस मैच में अमेरिका को आठ विकेट पर 110 रनों पर रोकने के बाद भारत ने 18.2 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। रोहित ने मैच के बाद कहा हमें पहले ही पता था कि लक्ष्य हासिल करना कठिन रहेगा पर सूर्यकुमार और शिवम ने अच्छा प्रदर्शन किया।साथ ही कहा कि हमने कई अमेरिकी खिलाड़ियों के साथ खेला है। उनकी प्रगति से खुश हूं, उन्हें अमेरिकी लीग (एमएलसी) में भी देखा। वे कड़ी मेहनत करने वाले खिलाड़ी हैं जो अपना प्रभाव दिखा रहे हैं। रोहित ने कहा इस मुकाबले में अर्शदीप ने शानदार शुरूआत की, हम अपने साथ विकल्प चाहते हैं, सुपर आठ में होना एक बड़ी राहत है, यहां खेलना आसान नहीं था, यह मैच कोई भी जीत सकता था। अंत तक टिके रहना था और खेल को जितना संभव हो उतना आगे ले जाना ही फायदेमंद रहा। सूर्या ने दिखाया कि उसके पास एक अलग गेम है और आप अनुभवी खिलाड़ियों से यही उम्मीद करते हैं। दुबे के साथ उसकी साझेदारी महत्वपूर्ण थी रही।

## सुपर आठ में पहुंचने वाली चौथी टीम बनी वेस्टइंडीज

एजेंसी

**त्रिनिडाड ।** वेस्टइंडीज की टीम ने यहां हुए टी20 विश्व कप के एक लीग मुकाबले में न्यूजीलैंड को 13 रन से हरा दिया। इसी के साथ ही वेस्टइंडीज की टीम विश्वकप के सुपर आठ में पहुंचने वाली चौथी टीम बन गयी है। वेस्टइंडीज के साथ हुए मुकबले में न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर वेस्टइंडीज को बल्लेबाजी के लिए बुलाया। वेस्टइंडीज की टीम ने 149 रन बनाए और न्यूजीलैंड को जीत के लिए 150 रनों का लक्ष्य दिया। इसका पीछा करते हुए कीवी टीम 136 रन ही बना पायी। इस जीत के साथ ही वेस्टइंडीज ने सुपर 8



में जगह बना ली है। इससे पहले भारत, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका की टीमें सुपर 8 में पहुंची थीं। इस मैच में पहुले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज की टीम ने 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 149 रन बनाए। वेस्टइंडीज की ओर से सलामी बल्लेबाज ब्रेंडन किंग औ? जॉन्सन चार्ल्स विफल रहे। किंग ने 12 गेंदों में 9 रन बनाए जबकि चार्ल्स खाता भी नहीं खोल पाये। इसके अलावा निकलस पूरन ने 17, रोस्टन चेज ने 0, रोवमेन पॉवेल ने 1, आंद्रे रसेल ने 14 रन जबकि अकील हौसेन 15 रन बनाकर आउट हुए। वेस्टइंडीज की ओर से शेरफन रदरफोर्ड ने सबसे अधिक रन बनाये। रदरफोर्ड ने 39 गेंदों में 68 रन बनाये। उन्होंने अपनी पारी में 6 छक्के और 2 चौके लगाए और उनका स्ट्राइक रेट 174 के आस पास रहा। वहीं न्यूजीलैंड की ओर से ट्रेंट बोल्ट ने 3 विकेट लिए। टिम साउदी और लॉकी फर्ग्यूसन को 2-2 विकेट मिले।

न्यूजीलैंड की टीम लक्ष्य का पीछा करने में विफल रही। ओपनर डेवॉन कॉन्वे के केवल 5 रन बनाकर आउट हो गए। उनके साथ उतरे फिन एलन भी 26 रन बनाकर रसेल के हाथों कैच हुए। ग्लेन फिलिप्स ने सबसे अधिक 40 रन बनाये। न्यूजीलैंड की टीम 136 रन ही बना पायी।

## शहजाद ने बाबर आजम पर उठाये सवाल

एजेंसी

**लाहौर ।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम के कप्तान बाबर आजम टी20 क्रिकेट विश्व कप में अपनी खराब कप्तानी के कारण पूर्व क्रिकेटरों के निशाने पर हैं। कई पूर्व क्रिकेटरों ने उन्हें कप्तानी छोड़कर अपनी बल्लेबाजी पर ध्यान देने को कहा है। विश्वकप के पहले ही मैच में अमेरिका जैसी नई टीम से हारने के बाद से ही आजम की मुश्किलें बढ़ गयीं थी। वहीं भारत से हार के बाद तो उनके आलोचक और मुखर हो गये हैं। पाक टीम को कनाडा के खिलाफ मिली जीत के दौरान भी खासा संघर्ष करना पड़ा है और उसपर सुपर आठ से बाहर होने की तलवार



लटकी हुई है। इसी सब के बीच ही बल्लेबाज अहमद शहजाद ने भी उन्हें आड़े हाथों लिया है। शहजाद का कहना है कि ऐसे किंग का क्या किया जाये जो किसी काम का नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत के खिलाफ अहम मुकाबले में जीत के करीब पहुंचने के बाद भी पाक टीम के खिलाड़ी दबाव नहीं झेल पाए और ऐसे अहम मैच में कप्तान बाबर एक अच्छा स्कोर नहीं बना पाये। उनकी कप्तानी भी मैच में बेहद लचर नजर आयी। शहजाद ने कहा कि अगर बाबर टीम के लिए मैच नहीं जीत सकते तो ऐसे किंग का कोई फायदा नहीं है। शाहजाद ने एक शो के दौरान कहा कि उन्होंने निचले स्तर की बी, सी और डी टीमों के खिलाफ रन बनाकर लोगों को गुमराह किया है। खेल को विकसित करने के लिए पीसीबी ने उनका वेतन बढ़ाया था, पर उन्होंने ये पैसा पैसा छवि निर्माण के लिए लगा दिया।

## 19 फरवरी से शुरू होगी चैंपियंस ट्रॉफी

एजेंसी

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने चैंपियंस ट्रॉफी को 19 फरवरी से शुरू करने का प्रस्ताव आईसीसी को दिया है। पीसीबी के अनुसार इसके सभी मैच कराची, रावलपिंडी और लाहौर में खेले जाएंगे पर उसने हाइब्रिड मॉडल रखे जाने से इंकार कर दिया। पीसीबी के अनुसार एशिया कप की तर्ज पर चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम के मैच किसी अन्य देश में नहीं रखे जाएंगे। पीसीबी के अनुसार, चैंपियंस ट्रॉफी की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने के लिए आए आईसीसी अधिकारियों ने भी व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया है। पीसीबी ने भारत के मैचों के लिए हाइब्रिड मॉडल को रखे जाने से इंकार करते हुए कहा कि सभी



मैच उनके देश में खेले जाने चाहिए। अब देखना है कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) इस मामले में क्या फैसला करता है। गौरतलब है कि पिछले एशिया कप 2023 के दौरान भारत के मैचों को श्रीलंका में रखा गया था पर इसबार पीसीबी वैकल्पिक स्थान पर मैच रखने के पक्ष में नहीं है। पीसीबी चाहता है कि भारत समेत सभी मैच देश में ही खेले जाएं। पीसीबी के एक सूत्र ने कहा, हमने हाइब्रिड मॉडल नहीं चुना है।

## भारतीय बधिर क्रिकेट टीम जाएगी इंग्लैंड

**नई दिल्ली ।** भारतीय बधिर क्रिकेट टीम वीरेंद्र सिंह की कप्तानी में 15 जून को इंग्लैंड रवाना होगी। ये बधिर क्रिकेट टीम इंग्लैंड दौरे में एक टी20 सीरीज खेलेगी। दोनो ही टीमों के बीच सात मैचों की यह टी20 सीरीज डर्बी के काउंटी मैदान में शुरू होगी। इसके बाद के मुकाबले नॉर्थम्पटनशर, वारविकशर और लीसेस्टरशर में होंगे। इस प्रकार ये सीरीज 27 जून को लीसेस्टरशर में समाप्त होगी। दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के एक वरिष्ठ अधिकार ने कहा कि हमें उम्मीद है कि ये टीम इस दौरे में अच्छा प्रदर्शन करेगी। बधिर क्रिकेट टीम पहली बार किसी द्विपक्षीय टी20 सीरीज के लिए इंग्लैंड जा रही है। इस अधिकारी ने कहा, यह ऐतिहासिक सीरीज हमारे खिलाड़ियों की असाधारण प्रतिभा को दिखाने के साथ ही खेलों में समावेशिता के महत्व को बताएगी।

## यूरो कप 2024 में अहम भूमिका निभाएंगे रोनाल्डो : छेत्री

- लय में आने पर हो जाते हैं बेहद खतरनाक

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान सुनील छेत्री ने पुर्तगाल के स्टार खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि उनके जितना खतरनाक कोई अन्य खिलाड़ी नहीं हैं। छेत्री के अनुसार यूरो कप 2024 में भी रोनाल्डो अहम भूमिका निभाएंगे। 39 साल के रोनाल्डो ने नवंबर 2023 के बाद से कोई अंतरराष्ट्रीय गोल नहीं किया है। इसके बाद भी छेत्री का कहना है कि रोनाल्डो जैसा कोई और नहीं है। छेत्री ने कहा, मुझे उम्मीद है



कि रोनाल्डो अधिक से अधिक मैच खेलेंगे। मैं उन्हें खेलते हुए देखना पसंद करूंगा। हो सकता है कि वह शुरूआत में तेजी से नहीं खेल पायें पर एक बार लय में आने के बाद उनके जैसा खतरनाक खिलाड़ी दूसरा कोई नहीं है। पुर्तगाल की टीम कई स्टार खिलाड़ियों से भरी है। साथ ही कहा कि वे गेंद को अपने पास रखने में बहुत अच्छे हैं, अधिकतर वे विरोधी टीम पर हावी रहते हैं। उनके पास कुछ बेहतरीन खिलाड़ी हैं, इसलिए वे रोनाल्डो को बेंच पर भी रख सकते हैं। हाल में खेल को अलविदा कहने वाले छेत्री ने कहा, मुझे पूरा भरोसा है कि कोच सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का चयन करेगा पर रोनाल्डो का होना हमेशा ही टीम को बढ़त देता है। वो एक ऐसे खिलाड़ी हैं, जिन्हें मैदान पर जब भी मौका मिलता है तो उस अवसर को गोल में बदलने की क्षमता रखते हैं। इसलिए मुझे लगता है कि एक प्रशंसक के तौर पर, जिसने पिछले 20 सालों में उनसे बहुत कुछ सीखा है, मुझे उम्मीद है कि हम उन्हें मैदान पर और भी ज्यादा समय तक देख पाएंगे। छेत्री को यूईएफए यूरो 2024 के लिए विशेषज्ञ पैनल में रखा गया है।

## अमेरिका में अब तक तीनों ही मैचों में विफल रहे हैं विराट

एजेंसी

**न्यूयॉर्क ।** अमेरिका में पहली बार अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का आयोजन हो रहा है पर भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली उसमें असफल रहे हैं। विराट यहां खेले जा रहे आईसीसी टी20 विश्वकप में अब तक हुए तीनों ही मैचों में रन नहीं बना पाये हैं। इससे ऐसा लगता है कि वह यहां की पिचों को अबतक समझ नहीं पाये हैं। अमेरिका के खिलाफ मैच में भी वह खाता खोले बिना ही पेवेलियन लौट गये। विराट ने अब तक अमेरिकी धरती पर 6 पारियां में केवल 68 रन ही




बनाए हैं। इसमें उनका औसत 11.33 जबकि स्ट्राइक रेट 97.14 रन रहा है। पहले तीनों ही मैचों में विराट और रोहित की सलामी जोड़ी विफल रही। आयलैंड के खिलाफ खिलाफ पहले मैच में विराट और रोहित ने पारी की शुरूआत की। तीसरे ही ओवर में विराट मार्क अडेयर की गेंद पर कैच को गये। वह 5 गेंदों पर 1 ही रन बना पाये। वहीं पाकिस्तान के खिलाफ हुए दूसरे मुकाबले में विराट से बड़ी पारी की उम्मीद थी पर वह पारी की शुरूआत करते हुए 4 रन ही बना पाये। इसके बाद अमेरिका के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करते हुए विराट एक बार फिर असफल रहे। इस मैच में वह सौरभ नेत्रावलकर की गेंद पर कैच हुए।

## सरवनन को ओलंपिक में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद

एजेंसी

**नई दिल्ली।** नौकाचालक विष्णु सरवनन को आगामी पेरिस ओलंपिक में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीदें हैं। सरवनन ने इस साल की शुरू में ऑस्ट्रेलिया में हुई आईएलसीए 7 पुरुष विश्व चैम्पियनशिप में जीत के साथ ही दूसरी बार ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया है। पिछली बार हुए टोक्यो ओलंपिक में वह बेहतर प्रदर्शन नहीं कर पाये थे। सरवनन ने कहा, टाक्यो में मैं निर्भीक होकर खेला था। वो मेरा पहला ओलंपिक था तो मुझे इसी कारण परिणाम की अधिक चिन्ता नहीं थी और मेरा ध्यान अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर था। वह पिछले




एक महीने से मार्सेल में साइप्रस के पावलोस कोंटाइड्स और क्रोएशिया के रियो टोन्सी स्टिपनोविच के साथ अभ्यास कर रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं भाग्यशाली रहा हूं कि मुझे ओलंपिक स्थल में ट्रेनिंग लेने का मौका मिला और मेरे साथ ओलंपिक पदक जीतने वाले खिलाड़ी शामिल हैं। साथ ही कहा ऑस्ट्रेलिया में हुई आईएलसीए में वह अनुभवी नौकाचालकों के होने के बाद भी दबाव में नहीं आने के कारण बेहतर प्रदर्शन कर पाये थे। उन्होंने कहा, इस दौरान मैंने पाया कि आप अनुभवी खिलाड़ियों से अपने को कम नहीं आंक सकते। आपको उस स्तर तक जाना होगा जिसमें आप अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकें और उसको देखा जाये तो मेरे में सुधार आया है।। उन्होंने कहा, मैं आत्मविश्वास से भरा था और मैं हार नहीं मानने के जज्बे से खेल रहा था तो मैं उन्हें हराना चाहता था।


# सुपर आठ के लिए पाक की उम्मीदें बढ़ीं

एजेंसी

**न्यूयार्क ।** भारतीय टीम की टी20 विश्व कप क्रिकेट में अमेरिका के खिलाफ जीत से पाकिस्तान टीम की सुपर आठ की संभावनाएं बढ़ी हैं। अब तक दक्षिण अफ्रीका , ऑस्ट्रेलिया, भारत और वेस्टइंडीज की टीम ने सुपर आठ में जगह बनायी है। भारत, पाकिस्तान के अलावा अमेरिका, कनाडा और आयरलैंड ग्रुप ए में है। हर ग्रुप से दो टीमें सुपर आठ में पहुंचेंगी। भारतीय टीम के सुपर आठ में पहुंचने के बाद अब दूसरे स्थान के लिए अन्य टीमों में मुकाबला है। अभी अमेरिका 4 अंक लेकर ग्रुप में दूसरे नंबर पर है पर पाकिस्तान, कनाडा और आयरलैंड भी 4 अंक तक पहुंच सकते हैं। ग्रुप ए में अब तीन मैच




शेष हैं। इसमें भारत, पाकिस्तान, अमेरिका और कनाडा को एक-एक मैच खेलना है। आयरलैंड को दो मैच खेलने हैं। ऐसे में अगर अमेरिका 14 जून को आयरलैंड को हरा देता है तो उसके 6 अंक हो जाएंगे. ऐसा होने पर अमेरिका सुपर-8 के लिए क्वालीफाई कर जाएगा और पाकिस्तान, कनाडा और आयरलैंड रेस से बाहर हो जाएंगे पर अगर अमेरिका की टीम आयरलैंड से हार जाती है तो पाकिस्तान, कनाडा और आयरलैंड के लिए रास्ते बन जाएंगे. अगर अमेरिका हारा और पाकिस्तान, कनाडा या आयरलैंड में से जो भी टीम जीतेगी, उसके 4 अंक हो जाएंगे। अगर हम पाक की संभावनाओं पर ध्यान दें तो इसके लिए जरूरी है कि अमेरिका की टीम आयरलैंड से हार जाए। इसके बाद पाकिस्तान की टीम आयरलैंड को हरा दे। इन दोनों मैच के अलावा ग्रुप में सिर्फ एक मैच ही बचता है और वह है भारत और कनाडा पर इसके परिणाम से पाक पर प्रभाव नहीं पड़ेगा क्योंकि कनाडा की टीम पाकिस्तान का समीकरण तभी बिगाड़ सकती है, जब भारत पर 60 रन से ज्यादा से जीत दर्ज करे जिसकी कोई संभावनाएं नहीं हैं।




हांगकांग में महिला वालीबाल नेशंस लीग में खेलती हुई तुर्की की एसली कलाक।

## जोक्स



### नींबू दिख गए थे

पत्नीः बाजार से दूध का एक पैकेट ले आओ।
हां, अगर बाजार में नींबू दिखे तो छह ले आना।
पति छह पैकट दूध ले आया।
पत्नीः छह पैकेट दूध?
पतिः हां छह पैकेट ही लाया हूं, क्योंकि बाजार में नींबू दिख गए थे।

### परम सत्य ज्ञान

ऑफिस जाते वक्त बाहर कुत्ता सोते हुए दिखे और
शाम को वापस आते वक्त भी कुत्ता सोता
हुए दिखे तो समझ जाना जिंदगी कुत्ते से बदतर है।

### दो मिनट ही लगते हैं

अपने हाथ में फोन हो तो खाना खाने
में एक घंटा लगता है और
अपना फोन किसी दूसरे के हाथ में हो
तो खाना खाने में महज दो मिनट ही लगते हैं।

### घुस जा मोबाइल में

लड़कीः देखो मौसम कितना हसीन है
तुम्हारा क्या प्लान है?
पप्पूः मेरा तो वही है- 199 में 1 जीबी का 28 दिन के लिए।
लड़कीः घुस जा मोबाइल में साले।

### रिश्तेदारों का सवाल

रिश्तेदारः बेटा आगे जिंदगी में क्या करोगे?
लड़काः कुछ भी करुंगा,लेकिन किसी के घर जाकर उनके बच्चों से ऐसे सवाल नहीं करुंगा।





# घर में है किचन गार्डेन तो ध्यान रखें!

अगर आपमें सेहत और पर्यावरण को लेकर जरा भी सजगता है तो आप अपनी छोटी सी बालकनी में भी किचन गार्डेन बना सकती हैं। अगर छत है तब तो कहना ही क्या। लेकिन तमाम लोग ऐसा करते नहीं हैं। क्योंकि बातें वे भले बड़ी अच्छी-अच्छी करते हों लेकिन मेहनत करने में उनका यकीन नहीं होता। यही वजह है कि किचन गार्डेन उन घरों में भी जरूरी नहीं है कि हो, जहां अच्छी-खासी जगह हो। किचन गार्डेन तो हमारे खासकर गृहिणियों की सजगता, समझ और सौंदर्यबोध का नतीजा होता है। वैसे मैं तो यही सुझाव दूंगी कि हर गृहणी को एक छोटा सा किचन गार्डेन जरूर बनाना चाहिए। चाहे उसके पास घर में कितनी ही जगह कम क्यों न हो।

एक कमरे के फ्लैट में भी अगर हम चाहें तो दिल और आंखों को सुकून देने वाली एक हरी भरी बगिया इसकी बालकनी में लगा सकते हैं, जिससे घर के अंदर जाने वाली हवा भी साफ होगी, आंखों को हरियाली और फूल देखने को मिलेंगे तथा किचन को कुछ तो और तमाम तरह के कीटनाशकों से मुक्त शुद्ध सब्जियां भी मिलेगी। मजेदार बात यह है कि किचन की देखरेख में बहुत पैसे और बहुत अतिरिक्त समय की जरूरत नहीं होती। रसोई से निकलने वाली तमाम जैविक चीजें हमारे किचन गार्डेन का खाद पानी बनती हैं, जिसके बदले में हमें सुंदर सुंदर सब्जियां और फल प्राप्त होते हैं। अगर आपके घर के आंगन में या पीछे जमीन है तब तो यही समझना चाहिए कि आप बहुत भाग्यशाली हैं। अपनी इस जमीन में आप मौसम के अलग-अलग अनुकूल सब्जियां उगा सकती हैं। अगर जमीन नहीं हैं तो आप 8-10 गमले रखकर भी कम से हरा धनिया, पुदीना, हरा लहसुन, पालक, मेथी और इसी तरह की कई सब्जियां पा सकते हैं। बैंगन और टमाटर जैसे ऊपर उठने वाले पौधों से बैंगन और टमाटर पा सकती हैं। किचन गार्डेन से हासिल हुई ये चीजें सिर्फ हमारे बजट को ही संतुलित नहीं करतीं बल्कि ये हमारी आंखों को भी सुकून पहुंचाती हैं और दिल को भी अच्छा लगवाती हैं। बिना कीटनाशकों के ये सब्जियां हमारी सेहत के लिए तो बहुत अच्छी होती ही हैं। किचन गार्डेन बनाकर उसे सबसे पहले कई अलग-अलग क्यारियों में बांट देना चाहिए, ताकि एक साथ कई चीजों को उगाया जा सके।

- अपनी बगिया में अलग-अलग मौसम के अनुकूल सब्जियां उगाएं।
- दो भिन्न किस्म की सब्जियों के बीच एक मेड़ या डिवाइडर लाइन बनाएं, जिससे कि दोनो सब्जियों को अपने अपने हिसाब से फलने-फूलने का मौका मिले।
- आपकी बगिया में अगर कई मेड़ें या डिवाइडर हैं तो उनमें गाजर, शलजम, धनिया, पुदीना जैसी चीजें बोयी जा सकती हैं।
- अगर बगिया जमीन की है और 8-10 मीटर का हमारे पास स्पेस है तो हम इसमें कद्दू, लौकी, भिंडी, करेला, पालक, धनिया, मिर्च, टमाटर, बैंगन के साथ साथ नींबू, करौंदा, अनार, अंगूर, अमरूद और केला जैसे फल भी उगा सकते हैं।
- अगर हमें खेती किसानी के बारे में जरा भी जानकारी न हो तो या तो गंभीरता से इंटरनेट में तमाम चीजों को पढ़ें, समझें और गलतियां करते, आजमाते हुए अपनी जानकारी को दुरुस्त बनाएं या फिर कहीं 10-12 दिन का प्रशिक्षण ले लें। आजकल दर्जनों, सैकड़ों नहीं बल्कि हजारों जगह पर इस तरह की ट्रेनिंग दी जाती हैं।

## विश्व रक्तदान दिवस

# आखिर क्यों जरूरी है रक्तदान?





भारत में भी हर दिन करीब 2000 या इससे भी ज्यादा लोग तमाम तरह की बीमारियों से लेकर सड़क दुर्घटनाओं तक में इसीलिए असमय मौत का शिकार हो जाते हैं, क्योंकि उनके इलाज में जरूरत के समय रक्त नहीं मिल पाता। इन हर तरह की मौतों में रक्तदान बड़े पैमाने पर कमी ला सकता है, लेकिन तमाम कोशिशों के बाद भी देश में उतना रक्तदान नहीं हो पाता, जितने रक्त की हर समय जरूरत होती है।

### लोग रक्तदान क्यों नहीं करते?

इसकी सबसे बड़ी वजह रक्तदान को लेकर फैली तमाम तरह की भ्रांतियां हैं, मसलन इससे हम कमजोर हो जाते हैं, इससे हमारे शरीर में खून का बनन बंद हो जाता है, इससे हमें कई तरह की बीमारियां लग जाती हैं। ऐसे न जाने कितने भ्रम हैं जो रक्तदान के साथ जुड़े हुए हैं। जबकि हकीकत इसके बिल्कुल अलग है। रक्तदान से न केवल किसी किस्म का नुकसान नहीं होता बल्कि उल्टे इससे कई किस्म के फायदे होते हैं। मसलन जो स्वस्थ लोग साल में एक या दो बार रक्तदान करते हैं, उनको हार्टअटैक की आशंकाएं कम से कम होती हैं। यही नहीं रक्तदान करने से वजन भी कम होता है। रक्तदान करने से शरीर में एनर्जी आती है तथा लिवर से जुड़ी समस्याओं में राहत मिलती है। इससे आयरन की मात्रा को बैलेंस कर सकते हैं और कैंसर का खतरा भी कम हो जाता है।

### इससे जुड़े मिथकों से बचें

आमतौर पर जब एक यूनिट रक्तदान करते हैं तो शरीर पर उसका कोई विशेष प्रभाव नहीं होता और न ही कमजोरी नहीं आती है। एक बार में एक यूनिट (लगभग 300-350 मिली) रक्त दिया जा सकता है। मानव शरीर में इतनी क्षमता होती है कि अगर एक यूनिट रक्तदान कर रहे हैं तो अगले दो-तीन दिनों में बैन मैरो उसकी भरपाई करना शुरू कर देता है। कुछ लोगों को संक्रमण का डर होता है जबकि ऐसा बिल्कुल भी नहीं है। आजकल रक्तदान में प्रयुक्त सभी सामान डिस्पोजेबल होता है, इसीलिए रक्तदान के समय संक्रमण होने की गुंजाइश नहीं होती।

### रक्तदान में कितना हो गैप?

रक्तदान करने के बाद एक महीने बाद दोबारा रक्तदान किया जा सकता है, लेकिन तीन महीने के अंतराल पर रक्तदान करने का सुझाव दिया जाता है। पूर्व जांच होने के कारण रक्तदाता को कोई समस्या नहीं आती। अगर कोई समस्या या लक्षण दिखता भी है तो रक्त लेने से मना कर दिया जाता है। व्यावसायिक रक्तदाताओं से बचें, उससे संक्रमण की आशंका रहती है।

### रक्तदान के फायदे

जब आप खून डोनेट करते हैं तो इस दौरान पूरे शरीर को एक के ब्लड सर्कुलेशन को एक नया स्टार्ट मिलता है जिससे दिल के काम काज की गति बेहतर होती है। जब आप खून देने जाते हैं तो पहले आपके खून का चेकअप होता है। इस दौरान पता चल सकता है कि आप आयरन की कमी के शिकार हैं या फिर आपको कोई बीमारी है। जब आप खून दान करते हैं तो ये ब्लड सेल प्रोडक्शन को बढ़ाता है। इस प्रकार सेये आपके शरीर में खून बनाने की क्षमता को बेहतर बनाने में मदद करता है। जब आप खून दान करते हैं तो आपके शरीर को नए तरीके से खून बनाने का मौका मिलता है। इसे आप एक प्रकार का ब्लड प्यूरिफिकेशन समझ सकते हैं। इसके अलावा भी कई तरह के फायदे होते हैं।

# घूमने-फिरने से शरीर को होते हैं ये फायदे

घूमना एक काफी अच्छा अनुभव होता है जिसका एक्सपीरियंस हर किसी को करना चाहिए। आजकल, ज्यादातर लोग अपनी छुट्टियों के दिनों का उपयोग नई और रोमांचक जगह घूमने के लिए कर रहे हैं, जिससे लंबे तक चलने वाली यादें बनी रहती हैं। भले ही यह एक छोटी सी ट्रैवलिंग हो, लेकिन वो भी आपके स्ट्रेस को कम करके रिलेक्स महसूस कराती है। अक्सर नई जगहों पर ट्रैवलिंग करने और उस खूबसूरत दुनिया को एक्सप्लोर करने के कई फायदे हैं।



- **शरीर होता है मजबूत :** हर जगह का मौसम अलग-अलग प्रकार का होता है, कहीं बेहद ठंड पड़ती है तो कहीं गर्मी का कहर देखने को मिलता है। ऐसी जगहों पर घूमने फिरने से आपका शरीर असल में मजबूत बनता है। साथ ही अलग-अलग जगहों की यात्रा करने से, हमारा शरीर विभिन्न जीवाणुओं के अनुकूल बनता चला जाता है, जिससे रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में मदद मिलती है और आप सामान्य बीमारियों के प्रति कम संवेदनशील होते चले जाते हैं।
- **कोसो दूर रहता है तनाव :** डिप्रेशन इन दिनों एक बड़ी समस्या है जिसका सामना अधिकतर लोग कर रहे हैं। अवसाद या डिप्रेशन की समस्या सामाजिक दबाव, काम, निजी संबंध या अन्य कारकों के कारण हो सकती है, जिसकी वजह से आपका दिमाग और शरीर सबसे ज्यादा प्रभावित होते हैं। घूमने-फिरने से आप रिलेक्स महसूस करते हैं, कम स्ट्रेस में रहते हैं और मूड भी बेहद खुशमिजाज टाइप का रहता है। न सिर्फमूड यात्रा हमारे शरीर पर भी एक सकारात्मक प्रभाव डालती है।
- **पॉजिटिविटी से भर जाएंगेः** घूमने की आदत लाइफ की टेंशन को कम करने का काम करती है। इससे दिमागी टेंशन नहीं होती और दिमाग पॉजिटिविटी से भर जाता है। ऐसे में आपका दिमाग तेजी से काम भी करता है और सही अप्रोच के साथ आप लाइफ में आगे बढ़ सकते हैं।
- **गजब का चलता है दिमागः** ट्रैवलिंग करने की वजह से हम पॉजिटिव रहते हैं और इसकी वजह से फैसले भी सही-अच्छे ले पाते हैं। बिजी लाइफकी वजह से जब स्ट्रेस दिमाग पर हावी होता है तो कई तरह के गलत फैसले हमें आगे बढ़ने से रोक सकते हैं। ऐसे में कहीं घूमने जाना अच्छा माना जाता है।
- **खुद को समझने का मौका मिलता हैः** जब आप ट्रैवल करते हैं तो आप अजनबियों से निपटने और नई संस्कृति से निपटने के तरीके पर ध्यान देते हैं। नई परिस्थितियों से निपटना, खासकर जब आप अकेले यात्रा करते हैं तो अपने आपको समझने और अपनी स्ट्रेंथ का पता लगाने में मदद करता है।
- **नए रिश्ते बनाने में मददगारः** ट्रैवलिंग के दौरान आप नए-नए लोगों से मिलते हैं। यात्रा नए लोगों से मिलने-दोस्ती करने, सोशल नेटवर्किंग बढ़ाने और रिलेशनशिप को बनाने और बढ़ाने के अवसर भी प्रदान कर सकती है। वहीं अकेले यात्रा करना आपको मानसिक रूप से मजबूत बनाता है, जो मेंटल हेल्त से जुड़ी कई परेशानियों से निपटने के लिए जरूरी है।

# थकान हो जाए छूमंतर



रोजमर्रा की भागदौड़ भरी जिंदगी से व्यक्ति को जैसे ही फुर्सत मिलती है, वह तुरंत लेटने व आराम करने की सोचता है लेकिन थकान फिर भी चढ़ी रहती है तथा शरीर में भारीपन आ जाता है। इसके अलावा भावनात्मक एवं मनोवैज्ञानिक समस्याओं से उपजा तनाव भी शरीर को बुरी तरह थका देता है। तनाव में शरीर के अंदर लड़ो या मरो की स्थिति से निपटने में ऊर्जा खर्च होती है। यदि तनाव की स्थिति दीर्घकाल तक बनी रहे तो ऊर्जा का अत्यधिक ह्रास होता है और थकान बढ़ती ही जाती है।

- यदि कार्य को सुव्यवस्थित एवं सुनियोजित ढंग से किया जाए, तो अनावश्यक तनाव एवं थकान से बचा जा सकता है। रूचिकर कार्य करने से भी थकान महसूस नहीं होती और एक साथ देर तक कार्य किया जा सकता हैं। अतः थकान से बचने के लिए कार्य में रूचि का समावेश आवश्यक है।
- अल्पकालीन विश्राम के अलावा पूर्ण विश्राम का अचूक उपाय है नींद जो थके-हारे व्यक्ति के लिए टॉनिक का काम करती है। कम नींद लेने से सुस्ती आती है जो आपको चिड़चिड़ा बना देती है व काम में मन नहीं लगता।
- शरीर में स्फूर्ति लाने व मन को प्रसन्न करने के लिए खुली जगह में व्यायाम करें ताकि शुद्ध हवा व खुले प्राकृतिक वातावरण से आलस्य व थकान दूर हो। ऐसा करने से रक्त में एंडार्फिस की मात्रा बढ़ती है।
- थकान दूर करने के लिए आवश्यक है कि आप तनावमुक्त रहें, चूंकि तनाव जहां दिमाग को कमजोर करता है, वहीं शरीर की शक्ति घटाकर थकावट पैदा करता है।
- कार्य की एकरसता भी थकान का कारण बनती है। ऐसे में कार्य में परिवर्तन करने से थकान दूर हो जाती है।
- भोजन में फल व हरी सब्जियां अधिक मात्रा में लें। मांस, अंडे व अल्कोहल का सेवन न करें। यथासंभव विटामिन बी, मैग्नीशियम, पोटेशियम और लौह खनिज युक्त भोजन करें।
- आहार नियत समय पर उचित मात्रा में ही लें अन्यथा पाचनतंत्रा पर बोझ डालने से वह थकान को ही बढ़ाता है।
- थकान को मामूली समझकर नजर अंदाज न करें क्योंकि प्रायः आराम और नींद के बाद भी तन-मन में हल्कापन व ताजगी यदि आप महसूस नहीं कर रहे हैं तो सतर्क हो जाइए क्योंकि यह थकान किसी रोग एनीमिया, थायराइड, मधुमेह, टी. बी. या अन्य गंभीर रोग के लक्षण भी हो सकती है।

# गर्मी से राहत पहुंचाते मौसमी फल



गर्मी के मौसम में भूख खत्म हो जाती है और लगती है बस प्यास। इस प्यास को बुझाने के लिए गर्मियां अपने साथ लाती हैं फलों की बहार जो इस गर्मी से हमें राहत दिलाते हैं। गर्मी के मौसम में तरबूज, खरबूजा, बेल, लीची, शहतूत और फलों के राजा आम मन को तरावट पहुंचाने का काम करते हैं। इस मौसम में इनका नियमित सेवन बहुत से स्वास्थ्य लाभ देता है।

ये सभी फल विटामिन व खनिज लवणों से भरपूर हैं। खरबूजा और तरबूज में विटामिन, कैल्शियम व फास्फोरस जैसे तत्व पाए जाते हैं। तरबूज के गूदे में प्रोटीन की भी मात्र पाई जाती है। इन फलों का सेवन शरीर को ठंडक पहुंचाता है। लीची और शहतूत विटामिन सी के बहुत अ छे स्त्रोत हैं। शहतूत में कैरोटीन, थायमीन, भी अल्प मात्र में पाए जाते हैं। बेल तो गर्मियों में फल से यादा टॉनिक का काम करता है। यह भी विटामिन सी का अ छा स्त्रोत है और शरीर को ठंडक पहुंचाता है। लू से बचाव के लिए भी बेल का शर्बत फायदेमंद है। गर्मियों का फल फालसा भी अपने में बहुत से फायदे समाए हुए हैं। इसमें कैरोटिन, विटामिन सी, प्रोटीन व खनिज तत्व पाए जाते हैं। इसका शर्बत शरीर को गर्मी से राहत दिलाता है। कुदरत के इन अनमोल तोहफों में एक फल जिसे फलों का राजा कहा जाता है वह है आम। अपने अनुपम स्वाद व औषधीय गुणों के कारण ही सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त किए हुए है। आम ही एक ऐसा फल है जिसकी इतनी किस्में पाई जाती है। इन किस्मों में दशहरी, लंगड़ा, चौसा, तोतापरी, अलफान्सो आदि अधिक पसंद की जाती है। यह फल तो हमारी संस्कृति, समाज और इतिहास में रच-बस गया है। भारतीय आम की गई किस्में तो विदेशों में भी पसंद की जाती हैं और इसका निर्यात भी किया जाता है। आम में विटामिन ए प्रचुर मात्र में पाया जाता है इसलिए इसे आंखों के स्वास्थ्य के लिए लाभकारी माना गया है। आम रक्तवर्धक भी माना जाता है। यह शीघ्र पचने वाला है व कब्ज को दूर करता है। आम ही नहीं, आम की गुठली तक फायदेमंद है। आम की गुठली की गिरी में प्रोटीन की भी अधिक मात्र पाई जाती है। आम की गुठली के चूर्ण से मंजन करने पर पायरिया रोग में भी सुधार होता है।

## लघुकथा

# गोलू का भोलापन



गोलू ने फूल के पास पहुंचकर तितली को पकड़ने के लिए हाथ बढ़ाया, पर इस बार भी तितली पकड़ में नहीं आई। मम्मी अपने बेटे की चंचलता देखकर मुस्करा उठीं। वह दरवाजे पर खड़े होकर गोलू को तितली पकड़ते हुए चुपके-चुपके देखने लगीं।


गोलू कब तक खेलोगे? चलो, अंदर घर में। बस मम्मी, थोड़ी देर और। कहते हुए गोलू अपनी धुन में रम गया। गोलू की मम्मी ने मिर्च, धनिया, टमाटर, भिंडी, पपीता आदि के छोटे-छोटे पौधे लगा रखे हैं। इन पौधों के साथ-साथ उन्होंने रंग-बिरंगे फूलों को भी एक किनारे लगा रखा है। इन रंग-बिरंगे फूलों पर तितलियां भी खूब मंडराती हैं। सुंदर फूलों पर खूबसूरत तितलियों को देखकर गोलू चहक उठता। उसका मन होता उन तितलियों को पकड़ने का। कई दिनों से वह तितलियों को पकड़ना चाह रहा था, पर जैसे ही वह तितलियों के पास जाता, वे फुर्र से उड़ जातीं। गोलू फिर से तितली की तरफ चुपचाप धीरे-धीरे आगे बढ़ता। वह फिर असफल होता, पर निराश नहीं होता। गोलू ने अपनी कोशिश जारी रखी। गोलू की मम्मी कुछ देर बाद छत पर कपड़े सुखाने गईं, तो देखा कि गोलू अभी भी बगीचे में ही है। वह गुस्सा हुईं, अभी तक तुम खेल ही रहे हो। चलो, अंदर आओ। बस आ रहा हूं मम्मी। कहते हुए गोलू अंदर जाने ही वाला था कि लाल वाले गुलाब के फूल पर पीले रंग की तितली उसे दिखाई दी। वह अपने नन्हे कदमों से चुपके-चुपके उसकी ओर बढ़ने लगा।

मम्मी छत से नीचे आईं, तो देखा कि गोलू अभी भी वापस नहीं आया है। वह बगिया की ओर बढ़ीं। गोलू को धीरे-धीरे चलता हुआ देखकर मम्मी दरवाजे के पास ही रुक गईं। गोलू ने फूल के पास पहुंचकर तितली को पकड़ने के लिए हाथ बढ़ाया, पर इस बार भी तितली पकड़ में नहीं आई। मम्मी अपने बेटे की चंचलता देखकर मुस्करा उठीं। वह दरवाजे पर खड़े होकर गोलू को तितली पकड़ते हुए चुपके-चुपके देखने लगीं। जिस तितली को गोलू पकड़ नहीं पाया था, वह तितली दूसरे फूल पर जाकर बैठ गई। गोलू चुपके-चुपके उसके पीछे गया और बहुत आहिस्ता से अपना हाथ तितली की ओर बढ़ाया। इस बार गोलू को तितली पकड़ने में सफलता मिल ही गई।। गोलू खुशी से चहक उठा। पकड़ी हुई तितली वह मम्मी को दिखाने के लिए घर में जाने के लिए मुड़ा, तो देखा, मम्मी उसे ही देख रही थीं। वह मम्मी की तरफ बढ़ा और चहककर बोला- मम्मी देखो, मैंने कितनी प्यारी तितली पकड़ी है। हां बेटा, तितली तो बहुत प्यारी है लेकिन। कहते-कहते मम्मी रुक गईं। लेकिन क्या मम्मी? बेटा, इस प्यारी तितली को यदि तुम कुछ देर और पकड़े रहे, तो यह प्यारी तितली प्यारी नहीं रह जाएगी। मम्मी ने समझाने का प्रयास किया। वह कैसे मम्मी? तितली के पंख बहुत नाजुक होते हैं। तुम्हारी उंगलियों की पकड़ यह ज्यादा देर तक सह नहीं पाएगी और इसके पंख टूट जाएंगे। फिर भला यह टूटे पंखों के साथ प्यारी कैसे दिखेगी? ओह, मेरे पकड़ने से तितली के पंख टूट जाएंगे? गोलू की आंखें अचरच से बड़ी हो गईं। हां बेटा, तितली को पकड़ने से उसके पंख टूट जाते हैं। मम्मी ने समझाया। फिर मुझे क्या करना चाहिए? गोलू ने भोलेपन से पूछा। तुम्हें चाहिए कि तितली को उड़ने दो। उसे पकड़ो मत।

हां मम्मी, तितली को उड़ने दो। कहते ही गोलू ने तितली के पंखों से अपनी उंगलियों की पकड़ ढीली की और तितली को छोड़ दिया उड़ने के लिए। तितली उड़ी और घर की बगिया के एक फूल पर जाकर बैठ गई। कुछ देर बाद तितली उस फूल से उड़ी और दूसरे फूल पर जा बैठी। गोलू और मम्मी खुशी-खुशी तितली को उड़ते देख रहे थे।

एक फूल से उड़कर दूसरे फूल पर जब तितली बैठी, तो गोलू को ऐसा लगा, जैसे तितली भी मम्मी की तरह उससे कह रही है, तितलियों को उड़ने दो।

## बॉर्डर 2 लेकर आ रहे हैं सनी देओल




जेपी दत्ता के निर्देशन में बनी साल 1997 में रिलीज हुई फिल्म बॉर्डर को लोगों से काफी प्यार मिला। इस फिल्म में सनी देओल, अक्षय खन्ना, सुनील शेट्टी और जैकी श्रॉफ समेत कई स्टार्स एक साथ दिखाई दिए। पिछले काफी समय से इसके सीक्वल को लेकर चर्चा हो रही थी। बॉर्डर की रिलीज के 27 साल के बाद बॉर्डर का सीक्वल आने वाला है। बॉर्डर 2 में एकबार फिर से सनी देओल पाकिस्तान से भिड़ते नजर आएंगे।

सोशल मीडिया पर वॉर एक्शन फिल्म बॉर्डर 2 की घोषणा हो गई है। सनी देओल ने अपनी दमदार आवाज के साथ फिल्म का टीजर रिलीज कर दिया है। खास बात यह है कि बॉर्डर फिल्म 13 जून 1997 को रिलीज हुई थी और ठीक 27 साल के बाद उसी 13 जून की तारीख पर बॉर्डर 2 की अनाउंसमेंट हुई है। खुद सनी देओल ने भी फिल्म का अनाउंसमेंट वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है।

इस बार बॉर्डर 2 फिल्म को जेपी दत्ता नहीं बल्कि डायरेक्टर अनुराग सिंह करेंगे। इससे पहले वे दिल बोले हड़िप्पा, जट्ट एंड जूलियट, पंजाब 1984 और केसरी जैसी फिल्मों का निर्देशन कर चुके हैं। निर्माताओं ने अभी तक फिल्म के बाकी कलाकारों की घोषणा नहीं की है। बॉर्डर 2 का निर्माण भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, जेपी दत्ता और निधि दत्ता करेंगे।

# अक्षय-अरशद की जॉली एलएलबी-3 में अमृता राव की हुई एंट्री



अक्षय कुमार और अरशद वारसी की स्टारर फिल्म जॉली एलएलबी-3 पिछले काफी समय सुर्खियों में हैं। मई में इस फिल्म की शूटिंग राजस्थान के अजमेर शुरू हुई थी। सेट से अक्षय कुमार की कुछ फोटोज और वीडियो भी सामने आए थे।

मूल फिल्म में में मुख्य भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री अमृता राव इस सीक्वल में वापसी करेंगी। 2013 की फिल्म में मुख्य भूमिका निभाने वाले अरशद वारसी अब तीसरी फिल्म के कलाकारों में शामिल हुए थे। वहीं दूसरे भाग के मुख्य कलाकार अक्षय कुमार और हुमा कुरैशी हैं।

अभिनेता सौरभ शुक्ला द्वारा अभिनीत जस्टिस त्रिपाठी तीसरी फिल्म के लिए वापस आ गए हैं। अब जॉली एलएलबी 3 में पहले के दोनों फिल्मों के कलाकारों का डबल मजा दर्शकों को मिलेगा। अमृता राव फिल्म जॉली एलएलबी 3 में अरशद वारसी की पत्नी के रोल में लौटने वाली हैं जो पहले पार्ट से उनकी कहानी को आगे बढ़ाएंगी। अमृता राव को लेकर बताया जा रहा है कि उन्होंने राजस्थान में अपनी काफी शूटिंग पूरी कर ली है। अब फिल्म जॉली एलएलबी 3 की शूटिंग का अगला शेड्यूल मुंबई में होगा।



### डेब्यू फिल्म हुई थी फ्लॉप

अमृता राव ने बॉलीवुड में आर्या बब्बर के साथ फिल्म अब के बरस से डेब्यू किया था। ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप साबित हुई थी लेकिन अमृता की एक्टिंग की ऑडियन्स और क्रिटिक ने काफी तारीफहुई थी। अमृता की दूसरी ही फिल्म में अजय देवगन के साथ जोड़ी बनी थी। उन्होंने द लेजेंड ऑफ भगत सिंह में अजय के साथ काम किया था। उसके बाद अमृता राव ने शाहरुख खान के साथ फिल्म मैं हूं ना में काम किया था। मैं हूं ना के बाद से अमृता फेमस हो गई थीं। शाहिद कपूर और अमृता राव की 2006 में फिल्म विवाह आई थीं। ये फिल्म क्लट क्लालिस रही। आज भी लोगों को ये फिल्म बहुत पसंद है। इसके अलावा अमृता राव ने इश्क विश्क, मस्ती, प्यारे मोहन, जॉली एलएलबी, सत्याग्रह और ठाकरे जैसी फिल्मों में काम किया है। एक्ट्रेस लंबे समय से फिल्मों से दूर हैं और अपनी पर्सनल लाइफ को एंजॉय कर रही हैं।

### शादी के बाद छोड़ी इंडस्ट्री

अमृता राव ने साल 2014 में गुपचुप तरीके से आरेज अनमोल से शादी रचा ली थी। उन्होंने ये शादी इतनी सादगी से की थी कि इस पर एक कार खरीदने की कीमत से भी कम खर्चा हुआ था। डेढ़ लाख में तो उन्होंने शादी कर ली थी। शादी के बाद अमृता ने एक्टिंग से अलविदा कह दिया है। अब अमृता एक बेटे की मां बन गई हैं। वो एक्टिंग छोड़कर अपनी फैमिली के साथ समय बिता रही हैं। वो सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और आए दिन अपनी पर्सनल लाइफसे जुड़ी बातें फैंस के साथ शेयर करती रहती हैं।

## खाना-खजाना

### चना टिक्का



**टिक्का सामग्री:** दो कप काबुली चना उबला हुआ, दो से तीन लहसुन बारीक कटे, आधा अदरक बारीक कटा, तीन चौथाई चम्मच गरम मसाला, आधा चम्मच चिली पाउडर, एक चम्मच नींबू का रस, आधा चम्मच तेल, स्वादानुसार नमक।

**टिक्का मसाला ग्रेवी:** एक प्याज कटा हुआ, चार मीडियम साइज टमाटर, दो से तीन साबुत लहसुन, आधा अदरक कटा हुआ, एक चौथाई कप कच्चा काजू, एक चम्मच जीरा पाउडर, डेढ़ चम्मच धनिया पाउडर, दो चम्मच तेल, आधा चम्मच लाल मिर्च पाउडर, एक चम्मच गरम मसाला, नमक स्वादानुसार।

**विधि:** मिक्सिंग बाउल में टिक्का सामग्री को एक साथ मिक्स कर लें। इसके टिक्के बनाएं और नॉन स्टिक पैन में फ्राई कर लें। टिक्का मसाला सॉस बनाने के लिए पैन गरम करें उसमें एक चम्मच तेल डालें। अब इसमें साबुत लहसुन, अदरक और प्याज डालकर दो से तीन मिनट तक भूनेंगे। अब इसमें टमाटर, काजू डालें। टमाटर के सॉफ्ट होने तक पकाएं। फिर इसमें जीरा और धनिया पाउडर मिक्स करें। इसे मिक्सर में डालेंगे एक कप पानी के साथ और स्मूद सा पेस्ट बना लेंगे। एक दूसरा पैन गरम करें। इसमें लाल मिर्च पाउडर डालकर डिश को अच्छा कलर देने के लिए। अब इसमें टमाटर मिक्सचर डालें और इसे उबाल आने तक पकाएं। फिर इसमें गरम मसाला और नमक मिलाएं और ढककर थोड़ी देर और पकाएं। अब बारी है इसमें काबुली चना टिक्का मिलाने की। फिर धनिया डालें और गरमा-गरम सर्व करें।

### पोहा चीला



**सामग्री:** पोहा 1 कप, बेसन 2 टी स्पून, सूजी 2 टी स्पून, टमाटर कटा 1, प्याज कटा 1, हरी मिर्च कटी 1 टी स्पून, हरा धनिया कटा 2 टेबलस्पून, कढ़ी पत्ते 6-7, लाल मिर्च पाउडर 1/2 टी स्पून, हल्दी पाउडर 1/4 टी स्पून, धनिया पाउडर 1 टी स्पून, जीरा 1/4 टी स्पून, तेल जरुरत के मुताबिक, नमक स्वादानुसार।

**विधि:** पोहा चीला बनाने के लिए सबसे पहले पोहे को धो लें और इसे दस मिनट के लिए एक कटोरे में साइड रख दें। अब पोहों को मिक्सी में पीस लें और फिर इसमें बेसन और सूजी को डालकर अच्छे से मिक्स करें। अब इसमें कटे हुए प्याज, हरी मिर्च, धनिया पत्ती, और टमाटर को डालकर एक बार फिर से मिला लें। इसके बाद इसमें हल्दी पाउडर, धनिया पाउडर, लाल मिर्च पाउडर और नमक स्वादानुसार डालकर सभी चीजों को अच्छे से मिक्स क रें। इसके बाद इसमें पानी डालकर पोहा चीला बैटर तैयार करें। एक नॉनस्टिक तवा को मीडियम आंच पर गर्म करें। तवा गर्म होने के बाद उस पर थोड़ा-सा तेल डालकर फैलाएं। अब एक बाउल में पोहे का घोल भरें और उसे तवे के बीच में डालकर फैलाएं और चीला बनाएं। अब इसे दोनों तरफसे सुनहरा होने तक सेक लें। तैयार है आपका पोहा चीला इसे सॉस के साथ गर्मागर्म सर्व करें।

## कंगना के सपोर्ट में आए करण जौहर





हाल ही में हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा सीट से सांसद कंगना रनौत को सीआईएसएफकी जवान कुलविंदर कौर ने चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर थप्पड़ मार दिया था, जिसके बाद आम पब्लिक से लेकर फिल्मी सितारों ने भी इस घटना के खिलाफअपनी नाराजगी जाहिर की। अब कंगना रनौत से जुड़ी इस घटना में करण जौहर का भी बयान सामने आ गया है। कंगना और करण जौहर के झगड़े का आपसी मतभेद खूब रहा है। करण जौहर ने इस घटना पर अपना विचार रखते हुए कहा, मैं किसी भी तरह के मौखिक या शारीरिक हिंसा का समर्थन नहीं करता। करण जौहर का ये रिएक्शन हर किसी को हैरान कर रहा है। करण की बातों से साफ है कि न तो उन्होंने कंगना को ही सपोर्ट किया है और न ही कुलविंदर कौर को। कंगना के साथ हुए हादसे के खिलाफरवीना टंडन से लेकर अनुपम खेर, नाना पाटेकर, शेखर सुमन, मीका सिंह जैसे सिलेब्रिटीज ने अपनी बातें रखीं। अब फिल्ममेकर करण जौहर ने भी कंगना के साथ हुई इस घटना पर अपना रिएक्शन दिया, जिसे सुनकर लोग हैरान हो रहे हैं।

कंगना रनौत अपनी बेबाक बयानबाजी के लिए जानी जाती हैं। बॉलीवुड में नेपोटिज्म का मुद्दा उन्होंने ही उठाया था। यहां तक कि कंगना रनौत ने खुले तौर पर करण जौहर पर निशाना भी साधा और नेपोटिज्म के लिए उन्हें जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने फिल्ममेकर को मूवी माफिया जैसे नाम भी दिए। करण जौहर भी बिना किसी का नाम लिए नेपोटिज्म के आरोपों पर अपना पक्ष रखते आए हैं।

## टल सकती है पुष्पा 2: द रूल की रिलीज



त्योहारों पर होने वाली छुट्टियों के कारण सिनेमाघरों में आने वाले दर्शकों की संख्या काफी बढ़ जाती है। इस साल स्वतंत्रता दिवस यानी 15 अगस्त को रिलीज होने वाली दो फिल्मों पुष्पा 2: द रूल और सिंघम अगेन की घोषणा पिछले साल ही हो गई थी। ऐसे में दोनों फिल्मों के बीच टकराव की चर्चा रही। फिल्म पुष्पा 2 की रिलीज डेट टल सकती है। फिल्म के प्रोडक्शन का काम अभीतक पूरा नहीं हुआ है, जिसकी वजह से निर्माता सुकुमार से प्रोडक्शन में तेजी लाने को कहा जा रहा है। एक वजह यह भी है कि रिलीज से पहले फिल्म का प्रचार होना भी बेहद जरूरी है। सिर्फये दो फिल्में ही नहीं, बल्कि इस 15 अगस्त को अक्षय कुमार की खेल खेल में भी रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में अक्षय के अलावा तापसी पन्नू, फरदीन खान और वाणी कपूर भी दिखाई देने वाली हैं। वहीं, 12 अगस्त को जॉन अब्राहम की वेदा बड़े पर्दे पर दस्तक देने के लिए तैयार है।

इस साल स्वतंत्रता दिवस पर कॉमेडी के साथ-साथ एक्शन और रोमांस का भरपूर तड़का लगने वाला है। साथ ही, देखा जाए तो पुष्पा 2 के दो गाने अब तक रिलीज हुए हैं, लेकिन दोनों ही गाने लिरिकल थे। फुल वीडियो के साथ गाने रिलीज नहीं करने के पीछे एक कारण यह भी माना जा रहा है कि असल में अभी तक उन्हें एडिट नहीं किया जा सका है। खबर ये भी आई थी कि पुष्पा 2 की टीम अब राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता एडिटर नवीन नूली को एडिटर के तौर पर लाने की तैयारी में है।

## वागले की दुनिया–नई पीढ़ी नए किस्से ने पूरे किए 1000 एपिसोड



सोनी सब के ष्वागले की दुनिया, नई पीढ़ी नए किस्से ने अपनी सार्थक और प्रासंगिक कहानी के साथ दर्शकों के दिलों में खास जगह बना ली है। मुंबई की उत्साहपूर्ण पृष्ठभूमि पर आधारित, यह शो आम आदमी के दैनिक संघर्षों, खुशियों और जीत का सार प्रस्तुत करता है। शो गर्व से 1000 एपिसोड पूरे करने की उपलब्धि का जश्न मना रहा है, यह प्रभावशाली कहानी का उदाहरण बना हुआ है। राजेश वागले की भूमिका में सुमीत राघवन, वंदना वागले के रूप में परिवा प्रणति, सखी के किरदार में चिन्मयी साल्वी, और अथर्व के रूप में शीहान कपाही सहित, कास्ट इस शो को घर-घर में पसंदीदा बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। अपने 1000 एपिसोड्स के दौरान, वागले की दुनिया महत्वपूर्ण सामाजिक मुद्दों को उजागर करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के कारण देश भर के दर्शकों का पसंदीदा बन गया है। यह 1000 एपिसोड के इस उल्लेखनीय सफर का खुशी-खुशी जश्न मना रहा है। सुमीत राघवन की भूमिका निभाने वाले राजेश वागले ने कहा, वागले की दुनिया के साथ 1000 एपिसोड की उपलब्धि तक पहुंचना वाकई उल्लेखनीय है। हमारा सफर एक साधारण लक्ष्य के साथ शुरू हुआ था, आम आदमी की रोजमर्रा की कहानियां बताना। आज, यह शो भारतीय परिवारों के सपनों, चुनौतियों, खुशियों और दैनिक जीवन को दर्शाते हुए, हमारी दुनिया का आइना बन गया है। यह सफर अविश्वसनीय रूप से सार्थक रहा है, और मैं अपने दर्शकों से मिले अटूट समर्थन और मजबूत संबंधों के लिए सच्चे दिल से आभारी हूं। वंदना वागले की भूमिका में परिवा प्रणति ने कहा, वागले की दुनिया के साथ 1000 एपिसोड तक पहुंचना असाधारण उपलब्धि है, और मैं इस सफर का हिस्सा बनकर अविश्वसनीय रूप से आभारी हूं। वंदना वागले की भूमिका निभाकर मुझे दर्शकों के साथ काफी सार्थक तरीके से जुड़ने का मौका मिला है, जिसमें हम उन कहानियों को साझा कर रहे हैं जो भारतीय परिवारों के रोजमर्रा के जीवन को दर्शाती हैं। यह शो हमेशा मनोरंजन से कहीं अधिक महत्वपूर्ण रहा है। यह हमारे दर्शकों के अनुभवों और भावनाओं के अनुरूप है और यही कारण है कि यह हमेशा मेरे दिल के करीब रहा है।

## करण जौहर की फिल्म किल का ट्रेलर रिलीज



बॉलीवुड फिल्मकार करण जौहर की आने वाली फिल्म किल का ट्रेलर रिलीज हो गया है। धर्मा प्रोडेक्शन के बैनर तले बनीं करण जौहर की फिल्म किल का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। फिल्म किल में मुख्य भूमिका लक्ष्य लालवानी ने निभायी है। किलके ट्रेलर की शुरुआत लक्ष्य नाम के सैनिक से होती है, जो ट्रेन में अपनी गर्लफ्रेंड तान्या मानिकतला को प्रपोज करता है।

उनका ये रोमांटिक सफर कुछ ही देर में एक बुरे सपने में बदल जाता है, क्योंकि ट्रेन में गुंडों की एक टोली आ जाती है और तान्या के किरदार को बंदी बना लेती है। इसके बाद शुरू होता है खूनी खेल। लक्ष्य, एक अचानक रक्षक से राक्षस बन जाता है। इसके बाद एक-एक कर वो गुंडों को ढूंढ-ढूंढ कर मारता है। कुछ ही देर में चलती ट्रेन लाशों से भर जाती है। धर्मा प्रोडक्शंस और गुनीत मोंगा की सिख्या एंटरटेनमेंट ने किल का प्रोडक्शन किया है। वहीं, निखिल नागेश भट्ट ने फिल्म को निर्देशित किया है। किल में टीवी पर्सनैलिटी और कोरियोग्राफर राघव जुयाल भी शामिल हैं, उन्होंने मेन विलेन का किरदार निभाया है। किल 5 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## कल्कि 2898 एडी से दिशा पाटनी का पहला लुक आया सामने






बॉलीवुड की मोस्ट स्टाइलिश एक्ट्रेसेस में से एक दिशा पाटनी ने 13 जून को अपना बर्थडे सेलिब्रेट किया। इस खास मौके पर कल्कि 2898 एडी के मेकर्स और दिशा पाटनी ने फैंस को बर्थडे के मौके पर बड़ा सरप्राइज दिया है। सोशल मीडिया पर कल्कि 2898 एडी की टीम ने फिल्म से एक्ट्रेस का नया पोस्टर जारी किया है।

अभिनेत्री कल्कि 2898 एडी में रॉक्सी का किरदार निभा रही हैं। पोस्टर में दिशा एक टोंड बॉडी वाली महिला हैं, जो काले रंग की जैकेट और पैंट पहने हुए हैं और एक दीवार के सहारे खड़ी हैं, जिसके बगल में एक दरवाजा है। बैकग्राउंड से पता चलता है कि यह एक शिपिंग डॉक है। यह फिल्म निर्देशक नाग अश्विन द्वारा निर्देशित है और यह तेलुगु सिनेमा में अब तक की सबसे महंगी परियोजनाओं में से एक है। हाल ही में, बहुप्रतीक्षित साइंस-फिक्शन महाकाव्य कल्कि 2898 एडी के निर्माताओं ने इसका एक्शन से भरपूर ट्रेलर जारी किया, जिसे दुनिया भर में जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली। 24 घंटे के भीतर ही यूट्यूब पर रिकॉर्डतोड़ व्यूज भी मिले। अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पाटनी जैसे कलाकारों से सजी कल्कि 2898 एडी का निर्देशन नाग अश्विन ने किया है और इसका निर्माण वैजयंती मूवीज ने किया है। फिल्म, 27 जून 2024 को स्क्रीन पर आएगी।


## अंतर पहचानो



बच्चों दिए गए दोनों चित्रों में कुछ अंतर है। तुम्हें इन्हें खोजना है। कम से कम तीन अंतर तो खोजो ही, अगर समझ में नहीं आएं तो अपने मम्मी-पापा से मदद ले सकते हो।

# आईएए ने डा. महेश शर्मा को दी जीत की बधाई

**नोएडा (चेतना मंच)।** इंडस्ट्रियल एंटरप्रिन्योर्स एसोसिएशन (आईएए) ग्रेटर नोएडा की टीम ने ऐतिहासिक जीत पर भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी व पूर्व केन्द्रीय मंत्री डा. महेश शर्मा को फूल मालाओं,



पुष्प गुच्छ एवं पटका से भारी समर्थकों के साथ शुभकामनाएँ दी तथा मिठाइयाँ बांटी गई।

इस अवसर पर आईएए के अध्यक्ष अमित उपाध्याय, ब्राह्मण समाज महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष गिरीश मिश्रा, प्रभाकर झा, राजेश शुक्ला, संजय मिश्रा, के.के. मिश्रा, दर्शन शर्मा,संजीव शर्मा,विवेक पाठक,मंजू शर्मा,ममता तिवारी,रेखा पाठक,सरोज भट्ट एवं अन्य सदस्यों के साथ मौजूद थे।

# गुरू अर्जुन देव के शहीदी दिवस पर पंजाबी विकास मंच ने सैकड़ों लोगों को शर्बत पिलाया



**नोएडा (चेतना मंच)।** निर्जला एकादशी और गुरू अर्जुन देव जी के शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में सेक्टर-55 तथा सेक्टर 22 नौएडा के सामने पंजाबी विकास मंच द्वारा ठंडे शरबत की छबील का आयोजन किया गया। जिसमें जरूरतमंदों को तौलिये भी वितरित किये गये।

छबील का उद्घाटन पंजाबी विकास मंच के अध्यक्ष दीपक विग, जे.एम. सेठ, ओ पी गोयल, जी.के. बंसल और हरीश सभरवाल, संजीव पुरी ने रिबन काट कर किया।

इस पावन पर्व पर सैकड़ों लोगों को ठंडा शर्बत पिलाया गया। जिसमें विनोद ग्रोवर,संजीव बांदा, सुनील वाधवा, ऐस पी कालरा,अमरदीपशाह, प्रदीप वोहरा, सुनील वर्मा,हरीश सबरवाल,, वंदना बसंल, अलका सूद, नीता भाटिया,निर्मल हांडा, मंजु सेठ, नीलम भागी, अंजना भागी, प्रभा जयरथ, सवकेश गुप्ता, ऋतु दुग्गल, मंजू शर्मा, पारुल सेठ, गौरव जग्गी यशपाल भनोट, एस.एस.सचदेवा, संजय खत्री,सुषमा नेब,अजय साहनी अमरजीत कौरअजय अग्रवाल सविता अरोरा की भूमिका सराहयनीय रही।

# सीपी व डीएम ने ली पीस कमेटी की बैठक

**नोएडा (चेतना मंच)।** पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर श्रीमती लक्ष्मी सिंह एवं जिलाधिकारी मनीष वर्मा ने आगामी त्यौहार ईद-उल-अजहा (बकरीद) को लेकर शांति व्यवस्था व आपसी सौहार्द बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस आयुक्त कार्यालय सेक्टर-108 के ऑडिटोरियम में धर्मगुरुओं व संभ्रांत नागरिकों के साथ पीस कमेटी की मीटिंग की गई।



बैठक में कहा गया कि सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की अफवाह या कुर्बानी से संबंधित वीडियो बनाकर गलत तरीके से पोस्ट न किया जाये। ऐसा करने वालों को चिन्हित करते हुए प्रशासन एवं पुलिस द्वारा वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस टीम द्वारा प्रमुख स्थानों, संवेदनशील व धार्मिक स्थलों के आस-पास सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जायेगी।

सभी सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर पुलिस द्वारा लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। यदि कोई भी व्यक्ति किसी भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कोई आपत्तिजनक टिप्पणी, धार्मिक भावनाएं भड़काने या दुष्प्रचार करने का प्रयास करेगा तो उसके विरुद्ध कड़ी वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

संवाद के दौरान मौजूद लोगों से उनकी समस्याओं के बारे में भी पूछा गया एवं बताया गया कि कोई भी परेशानी होने पर तुरंत संबंधित पुलिस अधिकारी, नजदीकी थाने पर अथवा डॉयल-112 पर सूचना दें, जिससे तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।

अपर पुलिस आयुक्त मुख्यालय बबलू कुमार, अपर पुलिस आयुक्त कानून/व्यवस्था शिव हरि मीणा, सभी डीसीपी, सभी एडीसीपी व कमिश्नरेट के सभी थाना क्षेत्रों से विभिन्न धर्मों के धर्मगुरु, ग्राम प्रधान व संभ्रांत नागरिक व अन्य पुलिस अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# इटेड़ा में तोड़फोड़ के विरोध में किसानों का प्रदर्शन

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट के गांव इटेडा में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण द्वारा की गई कार्यवाही के विरोध में किसानों ने प्राधिकरण के कार्यालय पर प्रदर्शन किया तथा प्रशासनिक व प्राधिकरण के अधिकारियों से वार्ता की।

आपको बता दें कि कल ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अतिक्रमण हटाओ दस्ते ने इटैडा गांव के खसरा नंबर-435 की पुश्तैनी आबादी में तोड़फोड़ की थी जिसका विरोध भी हुआ और किसान नेता एमपी यादव व उसके परिवार पर प्राधिकरण के सुरक्षा कर्मियों द्वारा हमला भी किया गया। घटना के विरोध में अखिल भारतीय किसान सभा गौतमबुद्धनगर के कार्यकर्ताओं और क्षेत्र के किसानों ने एकजुट होकर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया और किसान सभा के नेतृत्व के साथ प्रशासनिक व प्राधिकरण के उच्च अधिकारियों ने वार्ता की।



अखिल भारतीय किसान सभा गौतमबुधनगर के जिलाध्यक्ष डॉ रुपेश वर्मा ने बताया कि वार्ता के दौरान प्राधिकरण के अधिकारियों ने इटेडा गांव में हुई घटना पर खेद व्यक्त किया और किसानों को आश्वस्त किया कि इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति फिर नहीं होगी और किसान सभा के साथ बनी सहमतियों को यथाशीघ्र लागू किया जाएगा। प्रदर्शन का नेतृत्व जगबीर नंबरदार, अजी पाल भाटी, सतीश यादव, वीर सिंह नेताजी, यतेंद्र मैनेजर, प्रशांत भाटी, संदीप भाटी, सुले यादव, सुरेश यादव, एमपी यादव, पप्पू ठेकेदार, अजब सिंह नेताजी, निशांत रावल, अमित नागर, सुशील कुमार, नरेश नागर, दुष्यंत सेन, अभय भाटी, मनोज प्रधान, महेश प्रजापति, सुंदर सिंह, बाबा संतराम, गवरी मुखिया, तिलक देवी, जोगेंद्री देवी, नीरू लोहिया, रीना भाटी आदि ने किया।

# दादरी में नहीं रुक रहा सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल

**दादरी (चेतना मंच)।** दादरी क्षेत्र में दुकानदार व रेहडी पटरी वाले लगातार सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल कर रहे हैं। दादरी में सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल को रोकने के लिए दादरी नगर पालिका द्वारा लगातार सख्ती की जा रही है।

नगर पालिका परिषद दादरी के अधिशासी अधिकारी के निर्देश पर नगर पालिका परिषद के अधीक्षक सर्वेश चौधरी के नेतृत्व में दादरी में सिंगल यूज प्लास्टिक जब्तीकरण अभियान चलाया गया। इस दौरान लगभग 908 ग्राम पॉलिथीन जप्त की गई तथा पांच दुकानदारों पर पॉलिथीन पाए जाने पर 7000 रूपये का जुर्माना वसूला गया।

पॉलिथीन जप्तीकरण अभियान के दौरान कर प्रभारी जाकिर हुसैन, फिरोज अहमद, स्वास्थ्य प्रभारी जितेंद्र सिंह,सुधीर कुमार पीयूष शर्मा, आलोक कुमार यादव व अन्य पालिका कर्मचारी मौजूद रहे।



अधीक्षक सर्वेश चौधरी ने बताया कि निरंतर चेतावनी देने के बावजूद दादरी में दुकानदार व रेहडी पटरी वाले सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल कर रहे हैं। कई जगह पॉलिथीन का भंडारण भी किया जा रहा है इस पर रोक लगाने के लिए लगातार नगर पालिका परिषद द्वारा जप्तीकरण अभियान चलाया जा रहा है। आने वाले दिनों में इस अभियान को और तेज कर दुकानदारों वह रहेडी पटरी वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# यूं ही पौधे से वटवृक्ष नहीं बना भाजपा संगठन!

## चमन के बागवां प्रवीण भाटी के योगदान को सराह रहे हैं पुराने कार्यकर्ता



**रमाकांत पांडेय**

स्मृतिशेष

जनपद गौतमबुद्धनगर में भारतीय जनता पार्टी का संगठन आज एक विशाल वटवृक्ष का रूप ले चुका है। भाजपा के एक छोटे से पौधे को वटवृक्ष का स्वरूप दिलाने में पार्टी के कई समर्पित तथा कर्मठ कार्यकर्ताओं का अथक योगदान रहा है।



भाजपा के पौधे को अपनी मेहनत तथा समर्पण भाव से सिंचित तथा पल्लवित करने वालों की फेहरिस्त में एक प्रमुख नाम है प्रवीण भाटी का। दादरी के जुनपत गांव के रहने वाले प्रवीण भाटी आज इस दुनिया में बेशक नहीं हैं, लेकिन उनके इस योगदान को पार्टी के पुराने कार्यकर्ता आज भी याद करके थकते नहीं हैं।

जुनपत गांव में किसान परिवार में जन्में प्रवीण भाटी की प्रारंभिक शिक्षा दादरी में हुई। मिहिर भोज कॉलेज से इंटर की पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने गाजियाबाद के शंभुदयाल डिग्री कॉलेज से बीए, एमए तथा एलएलबी की पढ़ाई पूरी की। इसी दौरान वे छात्र जीवन से ही राजनीति से जुड़ गए तथा राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के विचारों को प्रचारित व प्रसारित करने में लग गए। संघ में इसी समर्पण भाव को देखते हुए उन्हें संघ में संगठन विस्तारक की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके बाद उन्हें भारतीय जनता पार्टी में जिला महामंत्री की बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई। वर्ष-1990 में उन्हें जिलाध्यक्ष की अहम जिम्मेदारी से नवाजा गया। उस वक्त यह क्षेत्र गाजियाबाद में आता था। पार्टी में सक्रियता तथा समर्पण को देखते ही पार्टी ने उन्हें दादरी से वर्ष-1991 को पार्टी के टिकट से चुनाव लड़वाया। उस वक्त जिले में स्वर्गीय महेन्द्र भाटी की लोकप्रियता चरम पर थी। नतीजा अथक मेहनत के बाद भी प्रवीण भाटी चुनाव में सफल नहीं हो पाए। लेकिन उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा तथा लगातार पार्टी के विकास तथा प्रचार प्रसार व संगठन विस्तार में लगे रहे। अचानक 12 जनवरी 1992 को प्रवीण भाटी का असमय निधन हो गया। इसके बाद पार्टी हाईकमान ने प्रवीण भाटी के पिता श्री तेजपाल भाटी को भाजपा के जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी।

यहां उल्लेखनीय है कि गौतमबुद्धनगर जनपद के भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष प्रणीत भाटी भाजपा के बागवां कहे जाने वाले प्रवीण भाटी के छोटे भाई हैं। उन्होंने भी भाजपा को आगे बढ़ाने में अपने बड़े भाई तथा पिता की परंपरा को न सिर्फ कायम रखा बल्कि रफ्तार दी। हाल ही में पार्टी ने प्रणीत भाटी को लोकसभा का संयोजक बनाया था जिनके नेतृत्व में भाजपा ने गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र में ऐतिहासिक जीत दर्ज की। भाजपा प्रत्याशी व पूर्व केन्द्रीय मंत्री डा. महेश शर्मा ने पूरे प्रदेश में 5.60 लाख वोटों के अंतर से सबसे बड़ी जीत करने का रिकॉर्ड भी कायम कर लिया है। इसमें प्रणीत भाटी जैसे भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ताओं की भूमिका सराहनीय रही।

